गुरुवार, 12 जून 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 4:51 | सूर्यास्त: 18:21 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा: राजनाथ पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हर उम्र में रोज जिंदगी कोई न कोई सबक जरूर सिखाती है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# महेशतला में दो समुदायों के बीच झड़प के दौरान पुलिस पर हमला, डीसी व महिला अधिकारी समेत कई घायल

## पुलिस की गाड़ियों में तोड़-फोड़, बाइकों में आगजनी

- पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस दागे व किया लाठीचार्ज
- इलाके में बीएनएस 163 लागू, 18 गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के महिशतला नगरपालिका के रबींद्रनगर इलाके में बुधवार को दुकान खोलने को लेकर दो समुदायों के बीच हुई झड़प के दौरान भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस कर्मियों पर ईंटें फेंकी गईं। थाने के सामने पुलिस की गाड़ियां तोड़ दी गईं। कई बाइकों को आग के हवाले कर दिया गया। कई घरों व दुकानों में आग लगा दी गई।



इस घटना में कई पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस के मुताबिक, झड़प की शुरुआत उस स्थान पर तुलसी चौरा बनाने को लेकर हुई जहां एक फल विक्रेता आम बेचता था। दरअसल, फल विक्रेता कुछ दिनों के लिए बाहर चला गया था। तभी वहां तुलसी चौरा बना दिया गया। बुधवार को जब फल विक्रेता वापस आया तो उसने तुलसी चौरा हटाने को कहा। इसके बाद ही इस मुद्दे पर दो समुदायों में झड़प हो गई। झड़प के दौरान शिव मंदिर में तोड़फ़ोड़ की गई। सीसीटीवी को तोड़ दिया गया। छत से ईंटें फेंकी गईं। तुलसी चौरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमलावरों ने पुलिस वाहनों पर पथराव किया और एक गश्ती कार का शीशा तोड़ दिया। घायलों में एक महिला कांस्टेबल भी शामिल है, जिसके सिर पर ईंट लगने से चोट आई है। कई अन्य पुलिसकर्मी भी पत्थरबाजी में घायल हुए और खून से लथपथ देखे गए। हिंसा लगभग एक घंटे तक जारी रही। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने धीरे-धीरे भीड़ को पीछे धकेलते हुए इलाके में सड़क को खाली कराने का प्रयास किया।

### इजराइल हमास संघर्ष में अब तक 55 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गये : अधिकारी

**दीर अल-बलाह :** इजराइल और हमास के बीच पिछले 20 महीनों से जारी संघर्ष में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 55,000 से अधिक हो गयी है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने हालांकि नागरिकों और लड़ाकों की अलग-अलग संख्या नहीं बतायी लेकिन उसने कहा कि मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। मंत्रालय के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से 55,104 फलस्तीनी मारे गए हैं और 1,27,394 घायल हुए हैं। माना जाता है कि कई और लोग मलबे के नीचे या उन जगहों पर दबे हुए हैं जहां स्थानीय चिकित्सकों की पहुंच नहीं है।



दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में पुरोहित श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा को स्नान कराते हुए

### अब पीएम मोदी से मिलने के पहले मंत्रियों को कराना होगा आरटी-पीसीआर टेस्ट

**कोरोना के बढ़ते केस के बीच फैसला**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने से पहले अब मंत्रियों को अपना आरटी-पी-सीआर टेस्ट कराना होगा। टेस्ट कराने के बाद ही मंत्री प्रधानमंत्री से मुलाकात कर पाएंगे। सूत्रों के मुताबिक कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश के अंदर पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 306 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कोरोना से संक्रमित 6 लोगों की मौत भी हुई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से देश में कोरोना के मामले तेजी से फैल रहे हैं। इस बीच कोरोना से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों में युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आ-इसोलेशन वॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं और दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सोनम को शिलांग कोर्ट ने 8 दिन की रिमांड पर भेजा

### पुलिस ने मांगी थी 10 दिन की कस्टडी

**शिलांग :** राजा रघुवंशी हत्याकांड के आरोपियों को शिलांग कोर्ट में पेश किया गया। मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा समेत सभी पांच आरोपियों को शिलांग कोर्ट में पेश किया। सभी आरोपियों को कोर्ट ने 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने 10 दिन की कस्टडी की मांग की थी। राजा रघुवंशी मर्डर मामले में मीडिया चैनल्स मेघालय पुलिस सूत्रों के हवाले से यह खबर दे रहे हैं कि सोनम रघुवंशी ने अपने पति की हत्या करवाने की बात कबूल कर ली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जब सोनम का राज कुशवाहा से सामना करवाया गया तो उसने यह बात मानी कि उसने ही अपने पति की हत्या की साजिश रची। हालांकि एडिशनल एसपी ने कहा कि अभी हम पेपर वर्क कर रहे हैं। अभी हमें पूछताछ का समय नहीं मिला है। कोर्ट से हमें जो भी निर्देश मिलेगा, उसके अनुसार हम आगे की प्रक्रिया करेंगे। बहुत ज्यादा चांस है कि सोनम इसमें लिप्त है। जांच अभी जारी है। अभी हम



शुरुआती स्टेज में हैं। उन्होंने मीडिया से यह भी अपील की है कि कोई भी खबर हमसे पूछ कर ही चलाएं। सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद राजा रघुवंशी के घर पहुंचे हैं। उन्होंने राजा की मां उमा रघुवंशी के परिवार से मुलाकात की है। दोनों ने जब एक-दूसरे को देखा तो वे फफक-फफक कर रोने लगे। सोनम के भाई ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोनम के खिलाफ सभी चीजें मैं करूंगा। राजा मेरा बहुत प्रिय था। सोनम दोषी है तो उसे डायरेक्ट फांसी पर चढ़ा दिया जाए। उन्होंने बताया कि राज सोनम को दीदी ही बोलता था। सोनम राज को पिछले तीन सालों से राखी बांधता था।

# 20 डिग्री से कम और 28 डिग्री से ज्यादा नहीं होगा एसी का तापमान

### केंद्र सरकार लेकर आ रही नया नियम

**नयी दिल्ली :** देशभर में चल रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच केंद्र सरकार ने एयर कंडीशनर के इस्तेमाल को लेकर एक बड़ी योजना की घोषणा की है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को बताया कि अब एसी का तापमान मानकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम ऊर्जा संरक्षण, बिजली खपत में कमी और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। दरअसल, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को वर्ष




2047 के लिए मोदी सरकार के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने पिछले एक दशक में आर्थिक और ढांचागत विकास में सरकार की महत्वपूर्ण प्रगति पर जोर दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खट्टर ने कहा, मोदी सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं और निर्धारित लक्ष्यों के साथ, उन्हें हासिल करने के लिए हमारे पास 22 साल बाकी हैं। 2047 तक, हमारा लक्ष्य एक विकसित भारत बनाना है और आने वाले वर्षों में, हम पिछले दशक में की गई प्रगति को आगे बढ़ाते हुए कई गुना काम करेंगे। विकसित भारत का मतलब है एक महत्वपूर्ण वैश्विक कद हासिल करना। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, हमें व्यापार, उद्योग, जीवन स्तर और बिजली क्षेत्र को बढ़ाने की जरूरत है, जो सभी क्षेत्रों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## बांग्लादेश में भीड़ ने रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ की, जांच समिति गठित

**ढाका :** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश के सिराजगंज जिला स्थित पैतृक घर पर भीड़ ने हमला कर तोड़फोड़ की। इस घटना की जांच के लिए अधिकारियों ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। मीडिया की खबरों से बुधवार को यह जानकारी मिली। एक आगंतुक आठ जून को अपने परिवार के साथ सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। कचहरीबाड़ी को रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। 'बीडीन्यूज डॉट कॉम' की खबर में कहा गया कि वहां मोटरसाइकिल पार्किंग के शुल्क को लेकर प्रवेश द्वार पर एक कर्मचारी के साथ उसका विवाद हो गया। इसके बाद आगंतुक को कथित तौर पर एक



कार्यालय के कमरे में बंद कर दिया गया और उससे मारपीट की गई। घटना से उत्तेजित स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### मंत्रिमंडल ने 6,405 करोड़ रुपये की दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इन दोनों रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। यह बैठक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई। स्वीकृत परियोजनाओं में से एक 133 किलोमीटर लंबे कोडरमा-बरकाकाना ट्रैक के दोहरीकरण से संबंधित है। यह ट्रैक न केवल झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है, बल्कि पटना एवं रांची के बीच का सबसे छोटा और अधिक सक्षम रेल संपर्क मार्ग भी है। दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर लंबे बेल्लारी-चिकजाजुर ट्रैक के दोहरीकरण की है।

## न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए: प्रधान न्यायाधीश गवई

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने देश में 'न्यायिक सक्रियता' के बने रहने पर जोर तो दिया, लेकिन आगाह भी किया कि इसे 'न्यायिक आतंकवाद' में नहीं बदलना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि न्यायिक समीक्षा की शक्ति का इस्तेमाल संयम से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल केवल तभी किया जाना चाहिए जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो। न्यायमूर्ति गवई ने एक विधि समाचार पोर्टल के सवाल के जवाब में कहा, ''न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी। लेकिन न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए। इसलिए, कई बार आप




सीमाओं को लांघने की कोशिश करते हैं और ऐसे क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए।'' सीजेआई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक शांत क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

### आज की पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके नहीं सीखना चाहती: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को टिप्पणी की कि आज की पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके (कोर्ट क्राफ्ट) नहीं सीखना चाहती। न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब एक युवा वकील अदालत का आदेश पढ़े जाते समय बहुत सामान्य तरीके से वहां से जाने लगीं। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो वकील ने अदालत से कहा कि कार्य स्थगन के लिए एक पत्र वितरित किया गया है। जब पीठ ने आदेश पढ़ना शुरू किया तो वह वहां से जाने लगीं। पीठ ने इस पर नाखुशी जताते हुए कहा, युवा पीढ़ी अदालत के तौर-तरीके नहीं सीखना चाहती। मामलों को पढ़ना केवल 30 प्रतिशत है, बाकी 70 प्रतिशत अदालत के तौर-तरीके हैं।

# एक जुलाई से सिर्फ आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही 'तत्काल' टिकट बुक कर सकेंगे: रेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने कहा है कि एक जुलाई 2025 से 'तत्काल' योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिये सत्यापन कराया हो। मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि 'तत्काल' योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा, 01 जुलाई 2025 से 'तत्काल' योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिये सत्यापन कराया हो। इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से 'तत्काल' बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है,



'तत्काल' टिकट भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) काउंटरों/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। इसे भी 15 जुलाई 2025 तक लागू कर दिया जाएगा। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट को 'तत्काल' बुकिंग की खिड़की खुलने के पहले 30 मिनट के दौरान ओप-निंग डे तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। खास तौर पर, उन्हें सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक वातानुकूलित श्रेणियों के लिए और सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक गैर-वातानुकूलित श्रेणियों के लिए 'तत्काल' टिकट बुक करने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

### ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले यात्रियों के कन्फर्म टिकट का चार्ट होगा

**बीकानेर डिवीजन में शुरू हुई योजना**

ट्रेन में सफर करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। रेलवे अब एक नया नियम लाने की सोच रहा है। इससे ट्रेन में सीट मिलने को लेकर यात्रियों को होने वाली परेशानी कम हो जाएगी। नए नियम के मुताबिक रेलवे ट्रेन खुलने से 24 घंटे पहले ही चार्ट जारी करने की योजना बना रहा है। ऐसे में यात्री 24 घंटे पहले ही अपनी सीट की स्थिति जान सकेंगे। अभी ट्रेन खुलने से सिर्फ 4 घंटे पहले पता चलता है कि आपकी सीट पक्की हुई या नहीं। इससे दूर से आने वाले यात्रियों को बहुत दिक्कत होती है। उन्हें आखिरी समय तक पता नहीं चलता कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं। बता दें कि चार्ट में यह जानकारी होती है कि किस यात्री को कौन सी सीट मिली है। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि यह योजना अभी राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में 6 जून से शुरू की गई है। अभी तक कोई परेशानी नहीं आई है। उन्होंने कहा, 'हम कुछ और हफ्तों तक इसे चलाकर देखेंगे। इससे पता चलेगा कि कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। अगर कोई परेशानी आती है, तो उसे कैसे ठीक किया जाए।'


# अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




## ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org

## हिमाचल ने स्पीति में प्रवेश शुल्क से की पहल

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी-ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं।

निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन-जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधियों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। ऐसे में पर्यटक जम्मू-कश्मीर के विकल्प के रूप में हिमाचल की ओर रुख कर सकते हैं। जिससे हिमाचल के पर्यटन उद्योग को नई प्राण वायु मिल सकती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास करना होगा कि नियमित पर्यटन से हिमाचल को न केवल वर्तमान में बल्कि दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त हों। वहीं राज्य सरकार को ध्यान रखना होगा कि बढ़ती पर्यटन गतिविधियों से क्षेत्र की जन-जातियों की संस्कृति और जीवनचर्या में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिये यह भी जरूरी है कि पर्यटन से होने वाली आय से इन क्षेत्रों के विकास को भी गति मिले। जिससे स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में उत्साह से भाग लें। ऐसा न हो कि अराजक पर्यटन संस्कृति स्थानीय लोगों की अस्मिता को ठेस पहुंचाए। रीति-नीतियां ऐसी बनें कि राज्य की आर्थिकी को गति मिलने का लाभ स्थानीय लोगों के हिस्से में भी आए ताकि वे पर्यटकों का खुशी-खुशी स्वागत करें। सरकार को भी पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और आवागमन का विशेष ख्याल रखना होगा। इससे राज्य के पर्यटन उद्योग को दीर्घकालीन लाभ मिल सकेगा। उत्तराखंड व अन्य पर्वतीय राज्यों को भी हिमाचल की पहल का अनुकरण करना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 जून, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 14:25 तक, नक्षत्र : मूल, 21:47 तक, योग : शुभा, 13:54 तक, सूर्योदय: 4:51, सूर्यास्त: 18:21, चन्द्रोदय : 19:32, चन्द्रास्त: 05:16, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 13:16 से 14:56

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का दिन शुभ है और आपका भाग्य साथ दे रहा है और आपकी वह आशंका निराधार सिद्ध होगी, जिससे आप तनाव में थे। निवेश के मामलों में कोई बड़ा फैसला न लें।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए लाभ के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में नया दायित्व आ सकता है। व्यापार में नई डील की शुरुआत हो सकती है, लेकिन पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी भरा कार्य सौंपा जा सकता है, जिससे आपकी क्षमता का परीक्षण होगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। भावनाओं में बहकर आप कार्यस्थल पर कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। निवेश करते समय सोच-समझकर चलें।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन हर काम को बहुत ध्यान और सावधानी से करने का है। कार्यक्षेत्र में आपकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। आपकी मेहनत सफल होगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप किसी प्रस्तावित साझेदारी या प्रेम प्रस्ताव के बारे में सोच रहे हैं, तो आर्थिक और पेशेवर स्तर पर उसका मूल्यांकन करें।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता से भरा होगा। करियर में निर्णय लेने में आप थोड़े असमंजस में रह सकते हैं। आपके लिए लाभ के योग बने हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी बदलना चाहते हैं या नया बिजनस प्लान कर रहे हैं, तो दिन शुभ है। सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। आपकी योजनाएं सफलता से भरी होंगी और कारोबार में लाभ होगा।

**मकर :** मकर राशि को काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। कोई पुरानी योजना, निवेश या ऋण चुकाने का समय आ गया है। धन को लेकर किया गया प्रयास भविष्य में फल देगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों की योजनाएं सफल होंगी। लंबे समय से प्रतीक्षित तरक्की या नौकरी में बदलाव का संकेत मिल सकता है। आर्थिक रूप से दिन सकारात्मक है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में दिन सामान्य रहेगा। आप अपनी योजनाओं के अनुसार काम करते रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के लिए नेटवर्किंग आवश्यक है।

# शुकतीर्थ की विरासत 5,000 साल पुरानी, कोई अन्य धर्म ऐसा दावा नहीं कर सकता: आदित्यनाथ




**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि शुकतीर्थ सिर्फ न सिर्फ एक आध्यात्मिक स्थल है, बल्कि भारत की 5,000 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत का जीवंत प्रमाण है जो विश्व में अद्वितीय है। संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की 65वीं पुण्यतिथि पर संत समूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब मध्यकाल में देश विदेशी आक्रमणों से जूझ रहा था और इसकी संस्कृति और धर्म पर हमला हो रहा था, तब सतगुरु रविदास जी एक दिव्य प्रकाश के रूप में उभरे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सतगुरु रविदास ने देश को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रासंगिक है।

### योगी आदित्यनाथ ने 11 साल के परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मोदी की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दशक को बुनियादी ढांचे में क्रांति का वह दशक करार दिया, जिसने देश को नया आकार दिया और एक विकसित भारत की नींव रखी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में भारत के बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास हमें गर्व और आत्मविश्वास से भर देता है।''

## बहराइच स्थित मसूद गाजी की दरगाह में मौजूद सूर्यकुंड के एएसआई सर्वे की मांग

**बहराइच (उप्र) :** बहराइच से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद आनंद गोंड ने सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह क्षेत्र में मौजूद 'सूर्य कुंड' का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराए जाने तथा उसका पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। गोंड ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि दरगाह क्षेत्र में मौजूद सूर्य कुंड का एएसआई से सर्वे कराए जाने की मांग बहुत पुरानी है। उन्होंने कहा, बहराइच की जनता दशकों, बल्कि सैकड़ों वर्ष से यह मांग कर रही है। उन्होंने कहा, वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव राजभर ने बाहर से आए आक्रांताओं का समूल नाश किया था। उन्हीं महाराजा सुहेलदेव के गुरू श्रृषि बालार्क थे। श्रृषि बालार्क भगवान सूर्य के उपासक थे और जिस स्थान पर उनका आश्रम था वहीं सूर्य कुंड स्थापित है। इस नाते सूर्य कुंड का काफी महत्व है। लोग यहां आते हैं, स्नान करते हैं, मान्यता है कि स्नान से उनके चर्म रोग ठीक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य कुंड इन दिनों काफी खराब हालत में है, लोगों की इच्छा है कि इसका पुनरुद्धार करके पुनर्निर्माण होना चाहिए और श्रृषि बालार्क के सूर्य कुंड के रूप में इसे भव्य स्वरूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने यह मांग रखी है कि सूर्यकुंड का विकास हो और वहां श्रृषि बालार्क की प्रतिमा स्थापित हो, इसके लिए इस स्थान का एएसआई के माध्यम से सर्वे कराकर यहां विकास के और भी कार्य कराए जा सकते हैं।

### बिहार में 12 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार

**पटना :** बिहार के कई हिस्सों में बुधवार को भीषण लू का प्रकोप रहा और राज्य भर में कम से कम 12 स्थानों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के मुताबिक, बक्सर जिले में सबसे अधिक 42.8 डिग्री, गोपालगंज में 41.7 डिग्री, डेहरी में 41.5 डिग्री, भोजपुर में 40.8 डिग्री, पटना में 40.7 डिग्री, गयाजी व औरंगाबाद में 40.6 डिग्री, मोतिहारी में 40.5 डिग्री, वाल्मीकि नगर, सारण व दरभंगा में 40.4 डिग्री और जीरादेई में 40.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी जारी रहेगी। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने लोगों को गर्मी से बचने, ठंडक बनाए रखने और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देने की सलाह दी।

### विद्युत विभाग में कर्मचारियों की हड़ताल पर छह महीने के लिए लगी रोक

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के प्रावधान लागू करते हुए विद्युत विभाग में कर्मचारियों की हड़ताल पर छह महीने के लिए रोक लगा दी है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। आधिकारिक बयान के मुताबिक सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक हड़ताल पर प्रतिबंध उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तहत आने वाली सभी सेवाओं पर लागू होगा।

### पटना में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, एक अन्य घायल

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में हमलावरों ने गोलीबारी कर 24 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। नौ जून के बाद से राज्य की राजधानी में गोलीबारी की यह तीसरी ऐसी घटना है। एक अधिकारी ने बताया कि ताजा गोलीबारी की घटना मंगलवार देर रात पाटलिपुत्र पुलिस थाने के अंतर्गत मैनपुरा इलाके में हुई। मृतक की पहचान राजा और घायल की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (कानून-व्यवस्था-2) नीतीश चंद्र धारिया ने बताया, घटना मंगलवार रात करीब पौने 12 बजे हुई।

## उच्च न्यायालय ने साहिबगंज के अतिरिक्त जिलाधिकारी पर अदालत की अवमानना के लिए जुर्माना लगाया

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को साहिबगंज के अतिरिक्त जिलाधिकारी गौतम भगत को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए उन पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया जिसकी वसूली उनसे की जाएगी। मामला साहिबगंज जिले में गंगा नदी पर नौका सेवाओं के लिए घाटों की नीलामी पर उच्च न्यायालय के आदेश के उल्लंघन से संबंधित है। याचिकाकर्ता अंकुश राजहन ने यह बात मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ के संज्ञान में लाई। खंडपीठ ने भगत को अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करने का दोषी पाया और उन पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया। राजहंस ने साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा घाटों के आवंटन के लिए जारी निविदा शर्तों को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय को अवगत कराया गया कि प्रशासन ने नौका सेवा के माल वाहक मार्ग में गरम घाट और कुरसेला घाट का उल्लेख किया है, लेकिन उन घाटों को अधिसूचित नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि घाटों की नीलामी अधिसूचित घाटों तक ही सीमित रहनी चाहिए और साहिबगंज जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि जो घाट अधिसूचित नहीं हैं, उनके लिए कोई निविदा आमंत्रित न की जाए।

## नीतीश कुमार ने पटना के पहले 'डबल-डेक फ्लाईओवर' का उद्घाटन किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां एक समारोह में शहर के पहले 'एलिवेटेड कॉरिडोर' या 'डबल-डेक फ्लाईओवर' का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ रही 'पटना मेट्रो' परियोजना के साथ इस 'डबल-डेक फ्लाईओवर' की कनेक्टिविटी से शहर का यातायात प्रबंधन और मजबूत होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस फ्लाईओवर का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा 422 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। बयान में कहा गया है, ''उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) से इसकी कनेक्टिविटी के बारे में भी जानकारी ली।'' इस फ्लाईओवर का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेक) में किया गया है जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से शुरू होकर पीएमसीएच से साइंस कॉलेज तक जाता है।

## राजस्थान: तीन सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत, 20 से अधिक लोग घायल



**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर, जैसलमेर और जालोर जिलों में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जयपुर के पास बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में नवविवाहित दुल्हन समेत पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। रायसर के थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा सुबह लगभग सवा छह बजे रायसर इलाके में भटकाबास गांव के पास दौसा-मनोहरपुर राजमार्ग पर हुआ जब एक ट्रक और जीप की आमने सामने भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि जीप में सवार बाराती मध्य प्रदेश के शहडोल से झुंझुनू के उदयपुरवाटी कस्बे लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि हादसे में दुल्हन भारती (18) के साथ साथ जीतू (33), सुभाष (28), रवि कुमार (17) व एक अन्य की मौत हो गई जबकि उदयपुरवाटी का निवासी दूल्हा विक्रम मीणा (25) व सात अन्य घायल हो गए। वहीं जैसलमेर जिले के बासनपीर गांव के पास सड़क दुर्घटना में शादी करके लौट रहे दूल्हे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि दूल्हा-दुल्हन और अन्य लोग शादी के बाद पोकरण से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक फरार हो गया।

## लालू प्रसाद ने पटना में परिवार और पार्टी नेताओं के साथ अपना 78वां जन्मदिन मनाया



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद ने पटना में बुधवार को अपने परिवार के साथ केक काटकर अपना 78वं जन्मदिन मनाया। प्रसाद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित आधिकारिक आवास पर अपना जन्मदिन मनाया, जहां उनके परिवार के सदस्य और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। उन्होंने 10 सर्कुलर रोड पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए 78 किलोग्राम के केक को भी तलवार से काटा। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है। पार्टी सुप्रीमो का जन्मदिन मनाने के लिए राबड़ी देवी के आवास के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जमा हो गए। उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर नृत्य किया और मिठाइयां बांटी। अन्य राजनीतिक हलकों से उन्हें बधाइयां मिलीं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने भी लालू प्रसाद को शुभकामनाएं दीं। तमिनाडु के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष थिरु लालू प्रसाद को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह भारतीय राजनीति में एक अग्रणी शक्ति रहे हैं, जिन्होंने हाशिए पर पड़े लोगों को सत्ता के केंद्र में रखा है।''

## राजस्थान में भीषण गर्मी, गंगानगर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस पर

**जयपुर :** कई दिन से पड़ रही भीषण गर्मी ने लगभग पूरे राजस्थान को झुलसा दिया है। राज्य के सीमावर्ती गंगानगर में बुधवार को अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में तापमान और बढ़ने का अनुमान जताते हुए भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है। इसके अनुसार बुधवार दिन में अधिकतम तापमान गंगानगर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यहां लगातार चौथे दिन पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। इसके अलावा अधिकतम तापमान चुरू व फलोदी में 45.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.7 डिग्री, बीकानेर में 45.1 डिग्री, अलवर में 44.8 डिग्री, पिलानी में 44.7 डिग्री, बाड़मेर में 44.2 डिग्री, जैसलमेर में 43.7 डिग्री, जोधपुर में 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। राज्य में हिल स्टेशन माउंट आबू को छोड़ दें तो ज्यादातर जगह अधिकतम तापमान 41 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया है। लोगों को प्रचंड गर्मी से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में आगामी 48 घंटे में तापमान में 1 से 2 डिग्री और बढ़ोतरी होने तथा बीकानेर संभाग के गंगानगर, हनुमानगढ़ में 11-13 जून अधिकतम तापमान 47-48 डिग्री रहने, भीषण लू चलने का अनुमान है।

## पायलट के साथ संबंधों पर बोले गहलोत: 'हम लोग दूर कब थे'



**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा, दूर कब थे हम लोग? हम कभी दूर थे ही नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्यार मोहब्बत हमेशा बनी रहती है... बनी रहेगी। गहलोत की इस टिप्पणी को कांग्रेस के इन दो दिग्गज नेताओं के रिश्तों पर वर्षों से जमी बर्फ पिघलने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल गहलोत बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और सचिन पायलट के पिता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर भड़ाना (दौसा) में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर संवाददाताओं के सवाल पर उन्होंने यह टिप्पणी की। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई और राजेश पायलट के योगदान से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पार्टी के कई सांसद और विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए।

## वर्ग पहेली नं. 3120

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | 24 | 25 | |
| 26 | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | |

*बायें से दायें:-* 1) निश्चिंत, 3) इज्जत, 6) सिरे का, 7) निगरानी, 8) शत्रुता, 9) दयालु, 10) मूल्य, 11) दशानन, 13) तृतीय, 15) सुपाच्य; अडूब; घटिया, 17) अनाथ, 19) तलवार हिलाकर चमकाना; लचकाना, 20) अवस्था; पिछला, 22) आगमन, 23) निरर्थकता, 26) राजमुकुट, 27) क्रूर एवं दुष्ट स्वभाव की स्त्री, 28) दुष्कर्म.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कलंकित, 3) मृत्युपर्यन्त, 4) सुंदर स्त्री, 5) ताज़ा; हरियालीयुक्त, 6) दूरी; मध्यांतर, 8) अपक्ष; तटस्थ; गुटनिरपेक्ष, 12) वकील का पेशा, 14) भोगना, 15) आप और मैं, 16) जनाना ढीला पाजामा, 18) धनुर्धारी, 20) गिनती, 21) शरारत, 22) गंतव्य स्थान, 23) औज़ार को धार लगाने का पत्थर, 24) हिचकी, 25) पुंसक; पुल्लिंगीय सजीव.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ख़ | बि | र | ■ | अ | ज | न | बी | ■ |
| ■ | री | ■ | स | म | र्थ | न | ■ | न | ■ |
| स | द | मा | ■ | धु | ■ | क | च | ना | र |
| ■ | दा | ने | दा | र | ■ | नं | ■ | ■ | हि |
| गौ | री | ■ | ड़ि | ■ | ■ | दि | न | रा | त |
| री | ■ | ■ | म | न | मा | नी | ■ | क्ष | ■ |
| ज | न्न | त | ■ | दा | दा | ■ | अ | स | म |
| ■ | ■ | ब | घा | र | ■ | शू | न्य | ■ | लि |
| त | री | क़ा | ■ | द | स्तू | र | ■ | धा | न |

## सुडोकू-पहेली-3077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 3 | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| 9 | | | 3 | | | 2 | 8 | |
| | | | | | | 5 | | |
| 6 | | 3 | 5 | 1 | | | | |
| | | 2 | | | | | 7 | |
| | 7 | | | | 2 | | | 4 |
| 8 | | | | | 9 | | | |
| 4 | | | 6 | | | | 1 | 7 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3076 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 8 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 |

# मुख्यमंत्री के खिलाफ 'अपमानजनक' टिप्पणी को लेकर शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव स्वीकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार को दो प्रमुख मुद्दों को लेकर भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज मोशन) के तहत जांच के आदेश दिए जाने और तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर भाजपा द्वारा लाया गया स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार किए जाने के विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट कर दिया। इस दिन, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार करते हुए मामले की जांच के लिए प्रिविलेज कमेटी को निर्देश दिया है। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, मौजूदा सत्र में ही इस पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव, शुभेंदु अधिकारी द्वारा मीडिया को दिए गए उन कथित बयानों के जवाब में था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि मुख्यमंत्री ने सदन में अपने भाषण के दौरान पाकिस्तान की प्रशंसा की थी। शुभेंदु अधिकारी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विधानसभा परिसर के बाहर कथित रूप से अपमानजनक और असत्य टिप्पणी करने का आरोप है। उधर, भाजपा ने बीरभूम के तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल द्वारा अभद्र भाषा के इस्तेमाल को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया था, जिसे स्पीकर ने अस्वीकार कर दिया। इस निर्णय से नाराज भाजपा विधायकों ने शंकर घोष के नेतृत्व में करीब 12:10 बजे सदन से वाकआउट कर दिया। विधानसभा के बाहर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि स्पीकर एक ही दिन में दो अलग बातें कर रहे हैं। जब तृणमूल विधायक प्रधानमंत्री के खिलाफ सदन के बाहर टिप्पणी करते हैं, तो स्पीकर कहते हैं कि सदन के बाहर की बातों पर चर्चा नहीं होगी। लेकिन जब विपक्ष के नेता ने बाहर बयान दिया, तो उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया। विधायकों ने कहा कि अधिकारी ने ये टिप्पणियां सदन के बाहर कीं और इस मामले को विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव के तहत नहीं लाया जा सकता।

**विधानसभा में हंगामा, भाजपा विधायकों ने किया वाकआउट**



## गंगा नदी कटाव रोकने के लिए केंद्र नहीं कर रहा कोई मदद : मानस भुइयां

- **सिंचाई मंत्री का दावा, मालदा व मुर्शिदाबाद जिलों में साढ़े 25 हजार बीघा जमीन जल में समा चुका**
- **सिंचाई मंत्री ने विधानसभा में केंद्र के उदासीन रवैए की निंदा की**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री डॉ. मानस रंजन भुइयां ने बुधवार को गंगा नदी कटाव के मुद्दे पर केंद्र सरकार के उदासीन रवैए की विधानसभा में आलोचना करते हुए इसे रोकने के लिए कोई मदद नहीं करने का आरोप लगाया। मंत्री ने सदन में कहा कि बंगाल के मुर्शिदाबाद व मालदा जिले गंगा नदी कटाव से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि गंगा नदी कटाव के चलते इन दोनों जिलों में 25,652 बीघा जमीन जल में समा चुका है। जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। गंगा नदी के कटाव तथा मुर्शिदाबाद और नदिया जिलों में सिंचाई और जलमार्ग और जल संसाधन जांच और विकास विभागों की गतिविधियों से संबंधित मामलों पर स्थायी समिति की रिपोर्ट पर विचार के लिए नियम 319 के तहत तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि नदी कटाव से मुर्शिदाबाद व मालदा में कुल 413 गांव प्रभावित हुए हैं। इनमें मालदा के 218 जबकि मुर्शिदाबाद के 195 गांव हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में जिस तेजी से नदी कटाव हो रहा है इससे इन जिलों में पूरा भूगोल ही बदल गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में केंद्र को बार-बार पत्र लिखने व ध्यान दिलाने के बावजूद वह पूरी तरह उदासीन है। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य में भाजपा विधायकों की भूमिका की भी आलोचना की। सवाल किया कि गंगा कटाव से इन जिलों में इतनी विकट स्थिति के बावजूद विपक्ष चुप क्यों बैठा है? विपक्षी विधायक इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष क्यों नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 से बार-बार अनुरोध के बावजूद भाजपा विधायक बंगाल के अधिकारों के लिए बातचीत करने दिल्ली नहीं गए। मंत्री ने यहां तक आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि बंगाल सड़ जाए, यहां के लोग मर जाए। उसे बंगाल के लोगों के जीने-मरने की कोई फिक्र नहीं है। भुइयां ने यह भी दावा किया कि केंद्र ने दिसंबर, 2013 से गंगा-पद्मा नदी कटाव समेत कई परियोजनाओं के लिए बंगाल को मिलने वाले 4,549 करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत केंद्र पर बंगाल को जानबूझकर वंचित करने का आरोप लगाया। मंत्री ने आगे कहा कि घाटाल मास्टर प्लान के लिए बार-बार अनुरोध के बावजूद केंद्र ने कोई ध्यान नहीं दिया और न ही कोई पैसा दिया। इसलिए राज्य सरकार ने अपने फंड से इस परियोजना को लागू करने का फैसला किया है। मंत्री ने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण सुंदरबन खतरे में है। इसे बचाने के लिए विश्व बैंक ने राज्य को ऋण के रूप में 4,100 करोड़ रुपये की अपर और लोअर डेल्टा परियोजनाओं की मंजूरी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फंड के लिए केंद्र ने अब तक अपनी सहमति नहीं दी है, जिससे बंगाल को विश्व बैंक से यह रुपये नहीं मिल पा रहा है।

## स्मार्ट मीटर को सामान्य मीटर की तरह माना जाएगा, हर तीन महीने में बिल देना होगा : अरूप बिस्वास

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाए जाने के कुछ दिन बाद राज्य के ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास ने बुधवार को कहा कि लग चुके मीटरों को सामान्य मीटरों की तरह माना जाएगा और उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान प्रत्येक तीन माह पर करना होगा। बिस्वास ने दावा किया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए ये मीटर लगाने का फैसला लिया गया था। उन्होंने व्यापक जनाक्रोश के बाद प्रक्रिया को स्थगित करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। बिस्वास ने कहा कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम जबरदस्ती थोपा गया था। मैं इस काम को रोकने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, कि पहले लगाए जा चुके सभी स्मार्ट मीटर अब सामान्य मीटर माने जाएंगे और उपभोक्ताओं को हर तीन महीने में एक बार बिल का भुगतान करना होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में कई जिलों में कड़े प्रतिरोध और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का सामना करने के बाद सोमवार को ममता बनर्जी ने घरों में मीटर लगाने का काम रोक दिया था। राज्य के बिजली विभाग ने एक आदेश में कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित रहेगी।

## शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा प्रभावित महेशतला में केंद्रीय बलों की मांग की



- **आज विधानसभा अचल की चेतावनी**
- **नेता प्रतिपक्ष भवानी भवन में डीजी से मिलने पहुंचे, नहीं हुई मुलाकात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अलीपुर स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय के बाहर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रदर्शन किया और कोलकाता के पास हिंसा प्रभावित रवींद्रनगर इलाके में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। विपक्ष के नेता अधिकारी ने आरोप लगाया कि दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला के रवींद्रनगर में घंटों तक लूटपाट, आगजनी और बर्बरता के शिकार हुए हिंदुओं की रक्षा करने में तृणमूल कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हिंसा में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए और पुलिस के कई वाहनों में आग लगा दी गई। हम लोगों को बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए क्षेत्र में तत्काल केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इतने सारे पुलिस कर्मियों पर हमला होने के बावजूद वह उदासीन दिखे। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया था। मैं कल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगा और क्षेत्र के हिंदुओं को बचाने के लिए उसके हस्तक्षेप की मांग करूंगा। शुभेंदु अधिकारी के साथ विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक शंकर घोष सहित कई भाजपा विधायक और कई साधु भी थे। उन्होंने दावा किया कि साधुओं ने हमें फोन कर सुरक्षा की मांग की थी। उन्हें क्षेत्र के प्रभावित लोगों से फोन आ रहे हैं।

---

- **बंगाल गुजरात नहीं बनेगा, कानून अपना काम करेगा : फिरहाद हकीम**

दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला के रवींद्रनगर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प व पुलिस अधिकारियों पर जानलेवा हमले को लेकर राज्य के मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि बंगाल गुजरात नहीं बनेगा, कानून अपना काम करेगा। यह बंगाल है और यहां ममता बनर्जी का राज चलता है और और हम सभी का सम्मान करते हैं। उक्त तरह की घटना को अंजाम देने वाले उपद्रवी हैं और इनके साथ कोई रिहाई नहीं होगी। भाजपा क्या बोलती है और क्या करेगी इससे हमे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हम ममता बनर्जी के अनुगामी है और रही बात भाजपा की तो वह दंगा लगाती है।

## विधानसभा में जर्जर सड़कों का मुद्दा उठा, स्पीकर ने शिकायत के लिए ड्रॉप बॉक्स लगाने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**



विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान जर्जर सड़कों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए कई विधायकों ने अपने इलाकों में सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर चिंता जताई और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। बुधवार को सदन की कार्यवाही के दौरान जब एक विधायक ने सड़क समस्या पर बात करनी चाही, तो कई अन्य विधायक भी हाथ उठाकर अपनी-अपनी शिकायतें सामने लाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि इतने लोग सड़क की स्थिति पर बोलना चाहते हैं, इससे साफ है कि हालात वाकई खराब हैं, खासकर बरसात के दिनों में। इसके बाद स्पीकर ने लोक निर्माण मंत्री को विधानसभा में ड्रॉप बॉक्स लगाने का निर्देश दिया, ताकि विधायक अपने क्षेत्रों से संबंधित सड़क समस्याओं की शिकायतें उसमें दर्ज करा सकें। लोक निर्माण मंत्री पुलक राय ने स्पीकर को भरोसा दिलाया कि ड्रॉप बॉक्स की व्यवस्था की जाएगी और उसमें डाली गई शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी।

## कालीगंज उपचुनाव : प्रचार में जुटे भाजपा-तृणमूल प्रत्याशी

### क्षेत्र में केंद्रीय बलों का रूट मार्च जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज विधानसभा क्षेत्र में आगामी 19 जून को होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवार अपने-अपने तरीक़े से मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस उपचुनाव में भाजपा ने जहां आशीष घोष को मैदान में उतारा है, वहीं तृणमूल ने अलीफा अहमद को उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही प्रत्याशी अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर डोर-टू-डोर अभियान, जनसभाओं और स्थानीय मुलाक़ातों के जरिए वोटरों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कालीगंज उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहता। केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां पहले ही विधानसभा क्षेत्र में पहुंच चुकी हैं। बीते कुछ दिनों से राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त समन्वय में रूट मार्च (फ्लैग मार्च) चलाया जा रहा है। यह रूट मार्च नदी मार्गों से लेकर सड़क मार्गों तक निरंतर चलाया जा रहा है, जिससे इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने और मतदाताओं में भरोसा पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि चुनाव 19 जून को संपन्न होगा, लेकिन मतगणना 23 जून को होगी। नतीजे से यह तय होगा कि क्या भाजपा अपनी पकड़ मजबूत करेगी या तृणमूल इस सीट को बचा पाएगी।

## हर तीन साल में एक बार अनिवार्य ब्रिज ऑडिट! राज्य के सभी पुल और कलवर्ट की सुरक्षा जांच का आदेश

**कोलकाता :** दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में स्थित सभी पुल (ब्रिज) और कलवर्ट की नियमित ऑडिट करने का आदेश दिया गया है। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी ने राज्य सरकार को दिया है। इस संबंध में हाल ही में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को एक आधिकारिक पत्र भेजा गया है।

पत्र में कहा गया है कि हर तीन साल में कम से कम एक बार सभी पुलों और कलवर्टों की ऑडिट अनिवार्य है। यह आदेश न केवल राज्य सरकार के अधीनस्थ ब्रिजों पर लागू होगा, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले पुल और कलवर्ट भी इसमें शामिल होंगे। इसके अलावा, हर ब्रिज की 'स्वास्थ्य जांच' यानी स्ट्रक्चरल सेफ्टी चेक भी अनिवार्य रूप से करनी होगी।

**❑ आईआरसी मानकों के अनुसार सुरक्षा जांच**

पुलों की जांच और ऑडिट इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के तय मानकों के अनुसार की जाएगी। हर साल इस बारे में एक विस्तृत योजना बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग और परिवहन मंत्रालय को रिपोर्ट भेजनी होगी।

**❑ राज्य में 2200 से अधिक पुल और सैकड़ों कलवर्ट**

नवन्ना सूत्रों के अनुसार, राज्य में छोटे-बड़े मिलाकर 2,200 से अधिक पुल हैं, जिनका रखरखाव लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन है। हर साल मानसून से पहले इन पुलों की स्थिति की जांच की जाती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी अब और अधिक कड़ाई से जांच सुनिश्चित करना चाहती है, इसलिए यह ऑडिट अनिवार्य किया गया है।

**❑ ऑडिट प्रक्रिया होगी सख्त और तकनीकी**

लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ऑडिट के दौरान पुल और कलवर्ट के हर हिस्से की गहराई से जांच की जाती है – जैसे कि कोई दरार, जंग, कमजोर संरचना आदि। कुछ समस्याएं आंखों से नहीं दिखतीं, इसलिए ध्वनि और स्पर्श की तकनीकों का इस्तेमाल होता है। मसलन, हथौड़े से मारने पर आवाज से यह समझा जाता है कि अंदर कोई दरार है या नहीं।

**❑ ऑडिट रिपोर्ट में होंगे विस्तार से विवरण**

ऑडिट पूरा होने के बाद हर पुल या कलवर्ट की विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसमें संरचना की मौजूदा स्थिति, पाए गए दोष, मरम्मत की जरूरतें और भविष्य की कार्रवाई के सुझाव शामिल होंगे।

यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के सचिव संजय मित्तल की ओर से भेजे गए पत्र के माध्यम से राज्य सरकार तक पहुंचाया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि राज्य को अपनी वार्षिक ब्रिज हेल्थ चेक योजना केंद्र सरकार को समय पर भेजनी होगी।

यह कदम राज्य में पुल दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।


**कटिहार मंडल के अंतर्गत इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. KIR/Engg./38 of 2025; दिनांक: 06-06-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. 1। कार्य का संक्षिप्त विवरण:-** सिलीगुड़ी जं.-अलुवाबाड़ी रोड: एसएसई/डब्ल्यू/ठाकुरगंज के अंतर्गत नक्सलबाड़ी से अलुवाबाड़ी तक विभिन्न स्थानों पर अनाधिकृत अतिक्रमण को रोकने के लिए गलगलिया, अधिकारी, नक्सलबाड़ी, पोथिया, ठाकुरगंज, पिप्रिथान एवं बतासी में चाहरदीवारी की मरम्मत। निविदा मूल्य: ₹1,40,88,023.70; बिड सिक्यूरिटी: ₹2,20,500.00। **निविदा सं. 2। कार्य का संक्षिप्त विवरण:-** (1) सिलीगुड़ी जं. में: अतिक्रमण को रोकने के लिए एसएसई/डब्ल्यू/सिलीगुड़ी जं. के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत चाहरदीवारी का निर्माण। (2) सिलगुड़ी टाउन एवं न्यू जलपाईगुड़ी में: अतिक्रमण को रोकने के लिए एसएसई/डब्ल्यू/सिलगुड़ी टाउन के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सिलगुड़ी टाउन एवं न्यू जलपाईगुड़ी क्षेत्र में चाहरदीवारी का निर्माण। निविदा मूल्य: ₹3,28,57,570.10; बिड सिक्यूरिटी: ₹3,14,300.00। **निविदा सं. 3। कार्य का संक्षिप्त विवरण:-** एसटीसी(एम)/सिलीगुड़ी जंक्शन का बुनियादी ढांचा का विकास जिसमें ऑडिटोरियम, सम्मेलन कक्ष, क्लासरूम, प्रशिक्षक कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और मॉडल कक्ष का नवीनीकरण कार्य शामिल हैं। निविदा मूल्य: ₹1,39,95,376.37; बिड सिक्यूरिटी: ₹2,20,000.00। **ई-निविदाएं** 04-07-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 04-07-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर 04-07-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (कार्य), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली निविदा सूचना**

**खुली निविदा सूचना सं.: ईएल-सीओएन-490, दिनांक: 04.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/रखरखाव/चिरेका/चितरंजन नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (www.ireps.gov.in) के माध्यम से ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएँ कार्य के लिए निर्दिष्ट तिथि को 15.00 बजे तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाएँ उसी दिन (खुलने की तिथि) 15.00 बजे के तुरंत बाद खोली जाएंगी। **क्रम सं.: [1]। निविदा सं.: ईएल-सीओएन-490। कार्य का विवरण:** एसपी नॉर्थ और हिल एवं हॉस्पिटल क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट सिस्टम का समुन्नयन। **निविदा बंद होने/खोलने की तिथि: 26.06.2025। अनुमानित मूल्य (रुपये): ₹ 3,28,35,023.76। बयाना राशि/बोली प्रतिभूति (रुपये):** ₹ 3,14,200/-। **समापन अवधि:** 6 माह। **निविदा की वैधता:** 60 दिन। **निविदा कागजात का मूल्य: आईआरईपीएस पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और उप सीईई/एम से प्राप्त करने के लिए ₹10,000.00। टिप्पणी:** (1) बोलीदाता को आईआरईपीएस पोर्टल पर सभी आवश्यक योग्यता कागजातों और पैन/जीएसटीआईएन की स्कैन की गई प्रतियों को अपलोड करना होगा। (2) ई-निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) होना चाहिए। (3) यह कार्य विनियमों के अनुसार जीएसटी, बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू (बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर), आयकर और अन्य वैधानिक करों सहित लागू करों के अधीन होगा। (4) नीचे दिए गए कार्य के लिए लागू समप्रकृति के कार्य की परिभाषा- **स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम/प्लेटफॉर्म लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना या एचटी/एलटी अंडरग्राउंड नेटवर्क की आपूर्ति और स्थापना।** (5) निविदा कागजात और निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए, रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

PR3/075 उप सीईई (एम)/चिरेका/चित्तरंजन

हमें: www.facebook.com/clwrailways पर लाइक करें



**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

स्टोर्स सामग्री की प्राप्ति हेतु **ई-निविदा सूचना सं. 02/25-26 दिनांक 11.06.2025,** निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर पूरे विवरण के साथ पहले ही अपलोड कर दी गई हैं। मैनुअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 01241943बी | कोलकाता मेट्रो के एसी रेकों के लिए ट्रैक्शन मोटर टाइप नं. टीएम 3701 बीएक्स हेतु बेयरिंग असेंबली किट का सेट | 48 सेट | 27.06.2025 को 14.00 बजे |
| 02255097 | नोआपाड़ा डिपो के पीओएच शॉप में एलटी पैनलों के परीक्षण एवं चालू करने सहित आपूर्ति एवं स्थापना | 01 सेट | 24.06.2025 को 14.00 बजे |

प्रधान सीएमएम, मेट्रो रेलवे, कोलकाता

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata



**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/21 दिनांक: 10/06/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043, खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई हैं और वह निम्नलिखित है। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद हो जाएंगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | नियत तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 56253008 | 04.07.2025 | 2V 120AH लो मेंटिनेंस लेड एसिड सेकेंडरी सेल आदि की आपूर्ति। | 2900 नग | 2,60,660.00 |
| 2. | 29253019 | 23.06.2025 | ई-70 ब्रेक कंट्रोल यूनिट के लिए किट। | 163 सेट | 10,02,800.00 |
| 3. | 29253281 | 23.06.2025 | लॉक नट एफ.एस. ऑल स्टील आदि का सेट। | 370 सेट | 9,60,520.00 |
| 4. | 25251183 | 18.07.2025 | प्राथमिक सस्पेंशन आदि के लिए हेलिकल स्प्रिंग्स का सेट। | 810 सेट | 4,37,490.00 |
| 5. | 38251517 | 26.06.2025 | कार्टिज रोलर बेयरिंग के लिए साइड फ्रेम की (नैरो जॉ और वाइड जॉ के लिए)। | 268870 नग | 7,23,370.00 |
| 6. | 38251561 | 14.07.2025 | सी3डब्ल्यू डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व (वैगन) के लिए पीओएच किट। | 1857 सेट | 1,51,590.00 |
| 7. | 38253882 | 14.08.2025 | 7/8" (22.22 मिमी) व्यास का जस्ता लेपित/जस्तीकृत लॉक बोल्ट। | 189110 नग | 4,28,450.00 |
| 8. | 38254079 | 05.08.2025 | निरंतर संपर्क साइड बेयरर असेंबली (स्प्रिंग लोडेड टाइप) वेरिएंट 'सी'। | 1500 नग | 2,79,160.00 |
| 9. | 38253959 | 18.08.2025 | बीओएक्सएन वैगन के लिए नया डोरवे स्टिफनिंग क्रॉस बार। | 11700 नग | 5,79,850.00 |
| 10. | 38253932 | 20.08.2025 | बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए नया डोरवे स्टिफनिंग क्रॉस बार। | 7700 नग | 5,16,080.00 |
| 11. | 85251839 | 05.07.2025 | टेपर रोलर बेयरिंग असेंबली आदि का सेट। | 561 सेट | 4,81,250.00 |
| 12. | आईएफ 255129बी | 07.07.2025 | टीटीसी स्ट्रक्चर आदि। | 58.66 एमटी | 1,08,160.00 |
| 13. | 31255001 | 01.07.2025 | लाइन और ट्रैक्शन कन्वर्टर आदि। | 01 नग | 2,97,450.00 |
| 14. | 31255003 | 12.08.2025 | ट्रैक्शन मोटर टीएम4303 पूरी तरह से। | 02 नग | 1,44,060.00 |
| 15. | 30251353 | 04.08.2025 | एयर स्प्रिंग बेलो असेंबली। | 124 नग | 2,61,910.00 |
| 16. | 30253494 | 11.08.2025 | एयर स्प्रिंग कंप्लीट। | 118 नग | 3,89,870.00 |
| 17. | 33255008 | 11.08.2025 | एलएचबी नॉनएसी चेयर कार कोच के लिए सीटें। | 06 सेट | 1,46,380.00 |
| 18. | 332514924 | 15.07.2025 | सीबीसी फिटेड के लिए मैनुअल अनकपलिंग डिवाइस। | 800 नग | 3,37,950.00 |
| 19. | 33251486 | 07.07.2025 | गैर-एस्बेस्टस आधारित ब्रेक पैड का सेट। | 42000 सेट | 16,55,300.00 |
| 20. | आईएफ 245999ए | 30.06.2025 | प्रिंटर के साथ फुल रूम डिजिटल रेडियोग्राफी संगत एक्स-रे मशीन की आपूर्ति और स्थापना। | 01 सेट | 1,60,630.00 |
| 21. | आईएफ255489 | 10.07.2025 | ऑर्थोपेडिक्स अटैचमेंट और एक्सेसरीज के साथ मल्टी फंक्शनल ओटी टेबल की आपूर्ति और स्थापना। | 01 सेट | 94,540.00 |
| 22. | 60255210 | 10.07.2025 | मोनो ब्लॉक प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट लाइन स्लीपर (प्री-टेन्शन टाइप) आदि का निर्माण और आपूर्ति। | 2300000 नग | 50,00,000.00 |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन वस्तुओं के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और उसके बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-256)



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1223-2025-26, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत रखरखाव से मुक्त अर्थिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,48,83,228। **बयाना राशि:**रु. 3,24,400। **समापन अवधि:** 08 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1231-2025-26, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/एसपीआर/आईसी के क्षेत्राधिकार के अधीन विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए विद्युत आपूर्ति उपकरणों तथा अन्य विद्युत सम्पत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 18,86,206। **बयाना राशि:** रु. 37,700। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1232-2025-26, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई(जी)/आरएचए के क्षेत्राधिकार के अधीन विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए विद्युत आपूर्ति उपकरणों तथा अन्य विद्युत सम्पत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 18,77,525। **बयाना राशि:**रु. 37,600। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 4, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1235-2025-26, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई(जी)/एनएच के क्षेत्राधिकार के अधीन विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए विद्युत आपूर्ति उपकरणों तथा अन्य विद्युत सम्पत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 15,81,416। **बयाना राशि:**रु. 31,600। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 5, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1236-2025-26, कार्य का विवरण:** रानाघाट ईएमयू कारशेड में मुख्य प्रशासनिक कार्यालय भवन की पहली मंजिल पर 02 कमरों तथा 01 सार्वजनिक शौचालय के निर्माण हेतु प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** रु. 4,28,562। **बयाना राशि:** रु. 8,600। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 6, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1237-2025-26, कार्य का विवरण:** आरएचए में रानाघाट जंक्शन : डी.एल. रॉय इंस्टीच्यूट, ऑडिटोरियम हॉल का सम्पूर्ण सुधार एवं विकास, ऑडिटोरियम हॉल की एस्बेस्टस रूफिंग का बदलाव, भीतर एवं बाहर सम्पूर्ण प्लास्टरिंग, पुट्टी, रंगाई एवं पेंटिंग साथ में स्नानागार तथा शौचालय का सम्पूर्ण नवीनीकरण कार्य तथा फॉल्स सीलिंग के निर्माण के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,06,240। **बयाना राशि:** रु. 10,100। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** प्रत्येक के लिए 06.06.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 30.06.2025 को अपराह्न 2.00 बजे; **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 30.06.2025 को अपराह्न 2.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** प्रत्येक के लिए 16.06.2025; निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-85/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Name Change**

I, Tmt. P. Jayalakshmi, wife of Army No.14668944N, rank HAV, Name: Surya Kumar R. residing at Village: Paruthippattu, Tehsil: Avadi, Distt:Tiruvallur, Tamil Nadu, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name to Jayalakshmi S. DOB 19th January 1988 and Tmt. P. Jayalakshmi and Jayalakshmi.S pertain to one and same person before Notary Alipore Judges Court dated 10th June 2025.

I, Neelamma Chandrashekhar Jammaladinni, wife of Army No.17014918K, rank Cfn, Name: Santosh Banti residing at Village: Rampur, P.O.: Rampur Distt: Bagalkot, Karnataka-587207, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name to Neelamma Chandrashekhar Jammaladinni DOB 31st August 1995 and Neelamma Chandrashekhar Jammaladinni and Neelamma C. Jammaladinni pertain to one and same person before Notary Alipore Judges Court dated 10th June 2025.



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 85_2025-26, दिनांक 09.06.2025; सीनि. डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** डानकुनी - सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन डानकुनी गुड्स-शेड में प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागत :** रु. 1,31,16,902.94; **बयाना राशि:** रु. 2,15,600; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.07.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-138/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**नई ट्रेन की शुरुआत**
**सियालदह और जलपाईगुड़ी रोड के बीच**

सियालदह और जलपाईगुड़ी रोड के बीच एक नई ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन स्पेशल ट्रेन अर्थात **03116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह स्पेशल (वन वे) की यात्रा दिनांक 14.06.2025 (शनिवार) को 14.00 बजे** जलपाईगुड़ी रोड से शुरू होगी और निम्नलिखित समयसूची एवं ठहराव के अनुसार चलेगी :

| स्टेशन | 03116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह उद्घाटन स्पेशल | | |
|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | चलने के दिन |
| जलपाईगुड़ी रोड | – | 14.00 | शनिवार |
| न्यू जलपाईगुड़ी | 15.00 | 15.10 | |
| अलुआबाड़ी रोड | 16.10 | 16.12 | |
| किशनगंज | 16.45 | 16.47 | |
| बारसोई जं. | 17.40 | 17.42 | |
| समसी | 18.43 | 18.45 | |
| मालदा टाउन | 19.55 | 20.05 | |
| न्यू फरक्का | 20.45 | 20.47 | |
| जंगीपुर रोड | 21.38 | 21.40 | |
| आजिमगंज जं. | 22.35 | 22.40 | |
| बहरामपुर कोर्ट | 23.15 | 23.17 | |
| कृष्णनगर सिटी जं. | 01.13 | 01.15 | रविवार |
| रानाघाट जं. | 02.00 | 02.02 | |
| नैहाटी | 02.50 | 02.52 | |
| सियालदह | 04.00 | – | |

**गठन:** एसी 3-टियर - 16, शयनयान श्रेणी- 2, पावर कार - 2, पैंट्री कार - 1 = 21 कोच।

**सियालदह और जलपाईगुड़ी रोड के बीच नई ट्रेन की नियमित सेवा**

**13115 सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** की नियमित सेवा **दिनांक 20.06.2025** को सियालदह से शुरू होगी और **13116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** की नियमित सेवा **दिनांक 21.06.2025** को जलपाईगुड़ी रोड से शुरू होगी तथा दोनों ट्रेनें निम्नलिखित समयसूची, ठहराव, चलने के दिन और गठन के अनुसार चलेंगी:

| सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड हमसफर एक्सप्रेस (13115) | | | स्टेशन | (13116) जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चलने के दिन | आ. | प्र. | | आ. | प्र. | चलने के दिन |
| शुक्र | – | 23.40 | सियालदह | 08.10 | – | रवि |
| शनि | 00.18 | 00.20 | नैहाटी | 06.50 | 06.52 | |
| | 00.50 | 00.52 | रानाघाट जं. | 06.08 | 06.10 | |
| | 01.26 | 01.28 | कृष्णनगर सिटी जं. | 05.12 | 05.14 | |
| | 02.35 | 02.37 | बहरामपुर कोर्ट | 04.00 | 04.02 | |
| | 03.15 | 03.20 | आजिमगंज जं. | 03.32 | 03.37 | |
| | 03.56 | 03.58 | जंगीपुर रोड | 02.46 | 02.48 | |
| | 05.04 | 05.06 | न्यू फरक्का | 02.02 | 02.04 | |
| | 06.10 | 06.20 | मालदा टाउन | 01.20 | 01.30 | |
| | 06.58 | 07.00 | समसी | 00.30 | 00.32 | |
| | 07.44 | 07.46 | बारसोई जं. | 23.20 | 23.22 | शनि |
| | 08.31 | 08.33 | किशनगंज | 22.30 | 22.32 | |
| | 08.59 | 09.01 | अलुआबाड़ी रोड | 22.00 | 22.02 | |
| | 10.10 | 10.20 | न्यू जलपाईगुड़ी | 21.05 | 21.15 | |
| | 12.00 | – | जलपाईगुड़ी रोड | – | 20.30 | |

**चलने के दिन:** 13115 सियालदह से **प्रत्येक शुक्रवार** को और 13116 जलपाईगुड़ी रोड से **प्रत्येक शनिवार** को। **गठन** (दिनांक 11.07.2025 तक): एसी 3-टियर - 16, शयनयान श्रेणी - 2, पावर कार - 2, पैंट्री कार -1 = कुल = 21 कोच। **गठन** (दिनांक 18.07.2025 से) एसी 3-टियर - 15, शयनयान श्रेणी - 3, पावर कार - 2, पैंट्री कार -1 = कुल = 21 कोच।

**परिणामस्वरूप:** (1) 13153 सियालदह-मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.06.2025 से 06.15 बजे के बदले **06.05 बजे** मालदा टाउन पहुंचेगी और मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों पर समयसूची अपरिवर्तित रहेगी। (2) 13466 मालदा टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 21.06.2025 से 06.05 बजे के बदले **06.10 बजे** मालदा टाउन से छूटेगी तथा मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों पर समयसूची अपरिवर्तित रहेगी। 3. 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 23.06.2025 से 05.55 बजे के बदले **06.30 बजे** मालदा टाउन पहुंचेगी तथा मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों पर समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उच्च माध्यमिक परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव: अब ओएमआर से होगी परीक्षा

**कोलकाता :** इस वर्ष उच्च माध्यमिक परीक्षा पारंपरिक वार्षिक पध्दति (वार्षिक प्रक्रिया) में अंतिम बार आयोजित की जा रही है। अगले वर्ष से छात्रों को सेमेस्टर प्रणाली के तहत परीक्षा देनी होगी। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा मिलाकर कुल चार सेमेस्टर होंगे। उनमें से तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा ही उच्च माध्यमिक परीक्षा मानी जाएगी। वर्तमान वर्ष में ही तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**❑ परीक्षा पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन**

प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर अब उच्च माध्यमिक मूल्यांकन किया जाएगा। वर्तमान सेमेस्टर से ही मूल्यांकन प्रणाली में बड़ा बदलाव लाने जा रही है पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद। तीसरे सेमेस्टर से छात्रों को ओएमआर शीट पर परीक्षा देनी होगी। ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी छात्र परीक्षा समाप्त होते ही अपने साथ ले जा सकेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और छात्र परीक्षा के तुरंत बाद अपने उत्तरों का मिलान कर सकेंगे।

**❑ ओएमआर शीट वेबसाइट पर होगी अपलोड**

परिषद की योजना के अनुसार, प्रत्येक विषय के छात्र की ओएमआर शीट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इससे परिणाम घोषित होने से पहले ही छात्रों को यह स्पष्ट हो जाएगा कि उन्होंने किस विषय में कितने अंक प्राप्त किए हैं।

**❑ सितंबर से लागू होगी नई प्रणाली**

यह नई प्रणाली आगामी सितंबर सेमेस्टर से लागू होने जा रही है। परिषद के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने कहा, हमारी बातचीत अंतिम चरण में है। बहुत जल्द हम निर्णय लेकर इसकी घोषणा करेंगे।

**❑ परीक्षा की समय सारिणी और अवधि**

तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 8 सितंबर से 22 सितंबर तक होगी, कुल 12 दिन तक परीक्षा चलेगी।

चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। इसी दौरान पहली और तीसरी सेमेस्टर की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी।

■ पहली सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी (व्यावसायिक विषयों को छोड़कर)।

■ तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 1 बजे से 2:15 बजे तक चलेगी।

■ चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगी, जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

**❑ पुनर्परीक्षा और नई पद्धति में विकल्प**

जो छात्र परीक्षा में असफल होंगे, वे चाहें तो नई प्रणाली में फिर से परीक्षा देने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्हें स्कूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस स्थिति में वे तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 7 मई की रात से शुरू हो चुकी है।

जो छात्र नई पद्धति में नहीं जाना चाहते, उनके लिए परीक्षाएं 12 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा की विस्तृत समयसारणी जल्द ही परिषद द्वारा जारी की जाएगी।

## पार्थ चटर्जी की जमानत का सीबीआई ने किया विरोध, फिर अदालत में फंसे पूर्व शिक्षामंत्री



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका एक बार फिर विवादों में घिर गई है। सीबीआई ने कोलकाता हाईकोर्ट में पार्थ चटर्जी की जमानत का कड़ा विरोध किया है। बुधवार को जांच एजेंसी ने अदालत में एक लिखित आपत्ति दाखिल की।

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई ने अपने लिखित बयान में दावा किया है कि पार्थ चटर्जी ही शिक्षक भर्ती घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। एजेंसी ने अदालत को बताया कि भ्रष्ट नियुक्तियों की पूरी साजिश उनके नेतृत्व में ही रची गई थी।

सीबीआई के इस जवाब के बाद अब पार्थ चटर्जी की ओर से उनके वकील जवाबी बयान दाखिल करेंगे। जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री के वकील सीबीआई के दावों को खारिज करने की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पार्थ चटर्जी पहले भी कई बार जमानत के लिए आवेदन कर चुके हैं, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से उनकी याचिका खारिज हो गई। अब इस बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी। इसकी जानकारी न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने अदालत में दी।

## माता-पिता की अनुपस्थिति में नाबालिग से यौन उत्पीड़न, पड़ोसी 'काकू' गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में पड़ोसी एक 'काकू' को गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर, आरोपी व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को उसके माता-पिता की अनुपस्थिति में अपने घर बुलाया और उसका यौन उत्पीड़न किया। आरोपी काफी समय से ऐसा कर रहा था। शिकायत के आधार पर शेक्सपियर सरणी थाने ने उसे मंगलवार को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों शेक्सपियर सरणी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि आरोपी काफी समय से तरह-तरह के बहाने बनाकर नाबालिग लड़की को अपने घर बुला रहा था। खासकर, आरोपी तब नाबालिग लड़की को अपने घर बुलाता था जब उसके माता-पिता घर पर नहीं होते थे। वह खाली घर का फायदा उठाकर नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करता था। चूंकि, दोनों घर एक-दूसरे के ठीक बगल में थे, इसलिए अन्य पड़ोसियों को इस बात का पता नहीं चला। पीड़िता के परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि नाबालिग लड़की को डराया-धमकाया भी जाता था। लड़की के असामान्य व्यवहार के कारण माता-पिता को मामले का पता चला। उन्होंने मंगलवार को शेक्सपियर सरणी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उसे बुधवार को बैंकशाल कोर्ट की विशेष पोक्सो अदालत में पेश किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को जलपाईगुड़ी कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**जलपाईगुड़ी :** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के मामले में यहां की एक विशेष पोक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है। यह देखते हुए कि पीड़िता आरोपी की बेटी की उम्र की ही थी, न्यायाधीश ने कहा कि यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में आता है। अदालत ने लड़की से दुष्कर्म और हत्या के लिए दोषी हरिपद रॉय को मौत की सजा सुनाई है। जलपाईगुड़ी विशेष पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालत के न्यायाधीश रिंटू सूर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता के परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। उन्हें सबूत नष्ट करने के लिए सात साल के कठोर कारावास और



5,000 रुपये के जुर्माने की भी सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष के वकील देबाशीष दत्ता ने कहा कि 11 वर्षीय लड़की को 29 सितंबर, 2023 को दुष्कर्म और हत्या करने से पहले आरोपी ने उसके घर के सामने से अगवा किया था। वकील ने कहा कि चूंकि, उस दिन पंचायत बोर्ड का गठन किया जा रहा था, इसलिए पीड़िता के पिता और चाचा समेत अधिकांश ग्रामीण वहां गए थे। उनके लौटने के बाद, लड़की की मां ने उन्हें बताया कि वह दोपहर 2 बजे से लापता थी, और जब काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली, तो चाचा ने जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। लड़की का शव कुछ दिनों बाद एक स्थानीय नदी के पास एक बोरे में मिला। दत्ता ने कहा कि शव के पोस्टमार्टम से पता चला कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया था और गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी। अभियोजन पक्ष के वकील ने कहा कि आरोपी, जो एक पड़ोसी है, को स्थानीय लोगों के बयानों के बाद गिरफ्तार किया गया था कि लड़की को उसके घर में घुसते देखा गया था, जिसके बाद सबूत बरामद किए गए।

## विधायक की स्मरणसभा में तृणमूल के दो गुटों में भिड़ंत

### आठ कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के तेहट्ट में मंगलवार की रात तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में पार्टी के आठ कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। यह झड़प दिवंगत विधायक तापस साहा की स्मरणसभा के दौरान हुई। यह सभा तेहट्ट विधानसभा क्षेत्र के पाथरघाटा-1 पंचायत स्थित साहाबुद्दीन मंडल स्मृति हाई स्कूल में आयोजित की गई थी। इसमें दिवंगत विधायक के परिजनों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति रही। आयोजन की शुरुआत से ही माहौल में तनाव देखा गया, जो सभा समाप्ति से पहले हिंसा में बदल गया। पार्टी सूत्रों के



अनुसार, सभा के अंतिम चरण में एक स्थानीय नेता के वक्तव्य के बाद माहौल बिगड़ गया। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच बहस हाथापाई में तब्दील हो गई। मौके पर ईंट और बांस से एक-दूसरे पर हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हुए। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को पहले तेहट्ट महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें कृष्णनगर स्थित शक्तिनगर जिला अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

### जीआरएसई ने जीएसआई के लिए दो तटीय अनुसंधान पोत बनाने के लिए किया समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने बुधवार को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के लिए दो तटीय अनुसंधान पोत के निर्माण के लिए एक समझौता पर हस्ताक्षर किये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक बयान में अधिकारी ने कहा कि इन विशेष पोत में अपतटीय भूवैज्ञानिक मानचित्रण, खनिज अन्वेषण, समुद्री पर्यावरण निगरानी और अनुसंधान करने की क्षमता होगी। अधिकारी ने बताया कि इन पोतों पर आंकड़ा प्रसंस्करण और नमूना विश्लेषण के लिए आधुनिक, सुसज्जित वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं होंगी। जीआरएसई अधिकारी ने बताया कि युद्धपोत निर्माता कंपनी को अनुसंधान पोत के निर्माण में भी महारत हासिल है। उन्होंने बताया कि पोत की लंबाई 64 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर होगी।

## कलिनारायणपुर-शांतिपुर सेक्शन में चौथी रेल लाइन कार्य से तीन दिन ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के अंतर्गत कलिनारायणपुर-शांतिपुर सेक्शन में कॉमन लूप लाइन नंबर 4 (चौथी लाइन) के चालू किए जाने और राणाघाट-कृष्णनगर सिटी जंक्शन/शांतिपुर खंड में यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के लिए 13 जून (शुक्रवार) सुबह 10:00 बजे से 15 जून (रविवार) शाम 6:00 बजे तक कुल 56 घंटे का नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते कई ट्रेनों को रद्द, आंशिक रूप से समाप्त या पुनर्निर्धारित किया गया है। इसके तहत, 13 जून को सियालदह-शांतिपुर मार्ग पर चलने वाली अप ट्रेन संख्या 31537, 31539, 31541 और डाउन ट्रेन संख्या 31538, 31540, 31542 को रद्द कर दिया गया है। 14 जून को सियालदह-शांतिपुर की कई अप ट्रेनें जैसे 31511, 31513, 31515, 31517, 31537, 31539, 31541 और उनकी संबंधित डाउन सेवाएं 31512, 31514, 31516, 31518, 31538, 31540, 31542 रद्द रहेंगी। इसके अलावा, राणाघाट-शांतिपुर (31781, 31785 अप/31782, 31788 डाउन), राणाघाट-शांतिपुर-कृष्णनगर सिटी जं. (31585 अप/ 31586 डाउन), राणाघाट-कृष्णनगर सिटी जं. (31725 अप/ 31726 डाउन), तथा सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. (31843 अप/31844 डाउन) की सेवाएं भी इस दौरान प्रभावित रहेंगी। इसी प्रकार 15 जून को उपरोक्त मार्गों की अधिकतर सेवाएं बंद रहेंगी। ट्रेन संख्या 31522 डाउन (शांतिपुर-सियालदह लोकल) को 14 और 15 जून को राणाघाट से सुबह 10:35 बजे आंशिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा। ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। 13 जून को 31512 डाउन (शांतिपुर-सियालदह लोकल) ट्रेन को पुनर्निर्धारित कर 45 मिनट देरी से यानी सुबह 4:07 बजे रवाना किया जाएगा। वहीं, 14 जून को 53181 अप (सियालदह-लालगोला पैसेंजर) को 120 मिनट की देरी से यानी 1:30 बजे और 53172 डाउन (लालगोला-सियालदह पैसेंजर) को रात 12:15 बजे चलाया जाएगा।

## रेनालिक्स ने दुनिया की पहली स्वदेशी एआई आधारित स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन लॉन्च की

**कोलकाता :** किडनी (रेनल) केयर सेक्टर की देश की अग्रणी प्रौद्योगिकीय नवाचार (टेक्नोलॉजी इनोवेशन) कंपनी रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने दुनिया की पहली पूरी तरह से स्वदेशी, एआई आधारित और क्लाउड सक्षम हीमोडायलिसिस मशीन रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 (आरएक्सटी 21) लॉन्च की है। इस मशीन के जरिए कहीं से रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकती है। इसके साथ ही यह क्लीनिकल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं से भी लैस है. 6.70 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ आयातित मशीनों की तुलना में काफी कम मूल्य पर उपलब्ध रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 डायलिसिस सुविधा को बड़ी आबादी के लिए किफायती और सुलभ बनाने के साथ-साथ शहरी, अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) और ग्रामीण इलाकों में मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाट देगी। आरएक्सटी 21 के लॉन्च को लेकर रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स के संस्थापक (फाउंडर) और निदेशक (डायरेक्टर) डॉक्टर श्याम वासुदेव राय ने कहा, हमारी अत्याधुनिक हेमोडायलिसिस मशीन डायलिसिस सुविधा को सस्ती और सुलभ बनाकर किडनी केयर (रेनल केयर) के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

## डोमकल में आग्नेयास्त्रों के साथ दो लोग गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल में फिर से आग्नेयास्त्र बरामद हुए। पुलिस ने आग्नेयास्त्रों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक आग्नेयास्त्र निर्माता है। मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार सानी राज ने बताया कि गुप्त सूत्र से सूचना मिलने पर डोमकल थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात मुर्शिदाबाद के डोमकल के छागलखाली मठ इलाके में छापेमारी की। उन्होंने वहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक देसी पिस्तौल और दो राउंड गोलियां बरामद की गईं। इसके बाद, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के नाम इंताजुल शेख और राजू मंडल है। दोनों डोमकल थाना इलाके के निवासी है। गिरफ्तार लोगों के



खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को जिला अदालत में सात दिनों की पुलिस हिरासत की मांग के साथ भेज दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि इंताजुल शेख घर पर ही हथियार बनाता था। बहरहाल, पुलिस हिरासत में घटना की जांच करेगी। हालांकि, पुलिस इस बात की भी जांच में जुट गई है कि वह इन आग्नेयास्त्रों को कहां बनाता था और कहां तस्करी करता था। वह लोहे के औजारों का इस्तेमाल कर देसी पिस्तौल बनाता था। और उन्हें अलग-अलग जगहों पर बेचा जाता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पुलिस हिरासत में आगे की पूछताछ की जाएगी।

### स्विगी ने शुरू किया कॉर्पोरेट रिवॉर्ड प्रोग्राम, 7000 कंपनियों के कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी ऑन-डिमांड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने देशभर की 7000 कंपनियों में कॉर्पोरेट रिवॉर्ड प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह पहल पेशेवरों को विशेष लाभ देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में यह प्रोग्राम पहले से ही लाइव है, और 2025 के अंत तक इसे 15,000 से अधिक कंपनियों तक विस्तार देने की योजना है। कर्मचारी स्विगी ऐप पर अपने ऑफिस ईमेल की पुष्टि कर विशेष ऑफर जैसे रियायती स्विगी वन सदस्यता, फूड डिलीवरी और डाइनआउट पर छूट प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रोग्राम परामर्श, आईटी, ई-कॉमर्स, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय है। स्विगी के उपाध्यक्ष दीपक मालू ने कहा कि यह पहल कर्मचारियों की व्यस्त दिनचर्या को आसान और किफायती बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, दो घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 एक बार फिर खौफनाक मंजर का गवाह बना। मंगलवार की रात इसी हाई-वे पर दो अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं ने दो परिवारों से उनके अपने छीन लिए। फरक्का और सागरदिघी इलाकों में हुए इन हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मंगलवार की देर रात सागरदिघी थाना क्षेत्र के मोड़ग्राम के पास तेलांगल इलाके में तीन युवक मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। तीनों युवक गांगाड्डा इलाके के रहने वाले थे और बीरभूम जिले में अपने एक दोस्त से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सागरदिघी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुल्तान शेख के रूप में हुई है, जो फरक्का के रहने वाले थे। दो अन्य युवकों में से एक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि दूसरा युवक अब भी अस्पताल में भर्ती है। वहीं, इसी रात दूसरी दुर्घटना फरक्का थाना क्षेत्र के न्यू फरक्का इलाके में हुई। महादेव हलदार, जो फरक्का के बिंदुग्राम घाटपाड़ा के निवासी थे, अपनी मोटरसाइकिल से 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे। तभी, मालदह से जंगीपुर की ओर जा रही एक तेज़ रफ्तार लॉरी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महादेव हलदार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बिनियाग्राम प्राइमरी हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर महकमा अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल लॉरी को जब्त कर लिया है, हालांकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। मामले की जांच फरक्का थाना पुलिस कर रही है।

## फांसी नहीं, आजीवन कारावास... सुतापा हत्या मामले में हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**कोलकाता/बहरमपुर :** बहरमपुर की कॉलेज छात्रा सुतापा चौधुरी की हत्या के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। दोषी सुशांत चौधुरी की फांसी की सजा को रद्द करते हुए अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है - जिसमें 40 वर्षों तक बिना किसी माफी या राहत की संभावना के जेल में रहना होगा।

बुधवार को न्यायमूर्ति देबांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने यह सख्त फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि दोषी 2062 के मई महीने से पहले सजा में छूट की कोई अर्जी दाखिल नहीं कर सकता। इसके साथ ही दोषी पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया गया है।

गौरतलब है कि 2 मई 2022 को बहरमपुर के एक मेस हाउस के सामने कॉलेज छात्रा सुतापा चौधुरी की उसके प्रेमी सुशांत चौधुरी ने



बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोपी ने सुतापा को 42 बार चाकू से वार किया था। उसने आसपास के लोगों को डराने के लिए ऑनलाइन साइट से नकली बंदूक भी मंगवाई थी।

पुलिस के अनुसार, सुतापा के शरीर पर जिस प्रकार से एक के बाद एक चाकू से हमला किया गया, वह आरोपी की प्रतिशोध की भावना को दर्शाता है। गिरफ्तारी के बाद सुशांत ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और झूठे बयान दिए।

2023 के अगस्त महीने में बहरमपुर की निचली अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। सुतापा के परिवार ने कहा था कि यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना का नतीजा था, जो प्रेम संबंध टूटने के बाद शुरू हुआ था।

हालांकि, सजा के बाद भी सुशांत खुद को निर्दोष बताता रहा और फांसी की सजा कम करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। अब हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदलते हुए यह सुनिश्चित किया कि वह कम से कम 40 साल जेल में ही रहे।

सुतापा के परिवार ने इस फैसले को आंशिक न्याय बताया और कहा कि उनका संघर्ष अभी भी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन अदालत की यह सख्ती उन्हें कुछ हद तक संतोष देती है।

### फ्लिपकार्ट और बंगाल सरकार ने कालना में कारीगरों के लिए ई-कॉमर्स कार्यशाला का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से कालना में कारीगरों एवं बुनकरों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य कारीगरों को ई-कॉमर्स के माध्यम से बड़े बाजार तक पहुंच दिलाना और उन्हें फ्लिपकार्ट पर अपने उत्पाद बेचने के लिए सक्षम बनाना था। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रोडक्ट लिस्टिंग, लॉजिस्टिक्स और व्यापार वृद्धि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों सहित फ्लिपकार्ट समर्थ टीम ने भाग लिया। फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा कि यह साझेदारी डिजिटल समावेश और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है। 'फ्लिपकार्ट समर्थ' पहल 2019 से वंचित समुदायों के लिए ई-कॉमर्स के अवसर सुलभ करा रही है। कार्यशाला से स्थानीय समुदायों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहन मिला।

### आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप 2025 के लिए 22 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंजीनियरिंग छात्रों के लिए प्रतिष्ठित आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड 2025 के लिए आवेदन 22 जून तक खुले हैं। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) द्वारा प्रस्तुत इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य नवाचार और सामाजिक प्रभाव के प्रति प्रतिबद्ध छात्रों को पहचान और प्रोत्साहन देना है। इस वर्ष कुल पुरस्कार राशि 10 लाख है, जिसमें राष्ट्रीय विजेता को 3 लाख मिलेंगे। चयन प्रक्रिया चार चरणों में होगी, जिसमें ऑनलाइन परीक्षा, केस स्टडी, प्रेजेंटेशन और राष्ट्रीय स्तर का फाइनल शामिल है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन निःशुल्क है और भारत के किसी भी एआईसीटीई/यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थान में पढ़ रहे स्नातक इंजीनियरिंग छात्र आवेदन कर सकते हैं। आईईटी इंडिया के अजय सलारिया ने कहा कि समय सीमा बढ़ाकर अधिक छात्रों को आवेदन का अवसर दिया गया है। अब तक 30,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## संथारा साधिका स्वर्गीय सुशीला देवी चिंडालिया का हुआ नेत्रदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की शाखा तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के सहयोग से 10 जून को संथारा साधिका स्व. सुशीला देवी चिंडालिया का मरणोपरांत पति किशन लाल चिंडालिया एवं पुत्र नवीन चिंडालिया और पारिवारिक जनों की सहमति से एम.पी. बिड़ला आई बैंक में नेत्रदान हुआ। तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चोरड़िया ने संथारा साधिका स्व सुशीला देवी चिंडालिया, सरदारशहर निवासी साउथ हावड़ा प्रवासी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए परिवारजन के प्रति संवेदना के भाव व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जनों ने नेत्रदान कर मानवीय सेवा का महनीय कार्य किया है। अभातेयुप के



राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने बताया कि अभातेयुप द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में पूरे भारत और नेपाल में अपनी 358 शाखा परिषदों के सहयोग से अब तक 2200 से भी ज्यादा लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया जा चुका है। विदित हो एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो अंधकारमय जीवन रोशन होते हैं। अभातेयुप के महामंत्री अमित नाहटा ने इस अभियान में शाखा परिषद् की जागरूकता व नेत्रदाता के परिवारजन की उत्कृष्ट भावना के प्रति साधुवाद प्रकट किया और लोगों को अभातेयुप के इस अभियान में सहयोग का आह्वान किया। अभातेयुप नेत्रदान राष्ट्रीय प्रभारी सुनील दुगड़ ने नेत्रदान से जुड़ी कई भ्रांतियां का समाधान करते हुए बताया कि नेत्रदान में व्यक्ति की आंखें नहीं बल्कि उसके अंदर की हल्की सी परत निकाली जाती है, जो किसी भी प्रकार से शारिरिक ढांचे को प्रभावित नहीं करती है। परिवारजनों की सहमति से नेत्रदान किसी भी उम्र के व्यक्ति का हो सकता है। मृत्युपरांत छह घंटे के भीतर आई बैंक की मदद से यह कार्य संपादित करवाना होता है।

### पश्चिम बंगाल को मिला नया रेल संपर्क: सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड हमसफर एक्सप्रेस जल्द होगी शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा सियालदह और जलपाईगुड़ी रोड के बीच एक नई साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। 13115/13116 सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस की नियमित सेवा 20 जून से सियालदह से और 21 जून से जलपाईगुड़ी रोड से प्रारंभ होगी। यह सेवा उत्तर बंगाल को राज्य के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ते हुए इस व्यस्त मार्ग पर यात्रियों की भीड़ को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस ट्रेन से रानाघाट, कृष्णनगर, बहरमपुर, अजिमगंज, जंगीपुर, फराक्का, मालदह, समसी, किशनगंज और न्यू जलपाईगुड़ी जैसे क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान अधिक सुविधा और आराम मिलेगा। यह ट्रेन सियालदह से हर शुक्रवार रात 11:40 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 12:00 बजे जलपाईगुड़ी रोड पहुंचेगी, जबकि वापसी में जलपाईगुड़ी रोड से हर शनिवार रात 8:30 बजे रवाना होकर यह ट्रेन रविवार सुबह 8:10 बजे सियालदह पहुंचेगी। इसके अलावा, इस सेवा का उद्घाटन 14 जून को एक विशेष ट्रेन 03116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह के रूप में किया जाएगा, जो दोपहर 2:00 बजे जलपाईगुड़ी रोड से रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:00 बजे सियालदह पहुंचेगी। इसी के साथ, मालदह टाउन स्टेशन पर तीन प्रमुख ट्रेनों के समय में भी संशोधन किया गया है। सियालदह-मालदह टाउन गौर एक्सप्रेस अब 20 जून से मालदह टाउन पर 06:05 बजे पहुंचेगी; 13466 मालदह टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस 21 जून से 06:10 बजे रवाना होगी और 13426 सूरत-मालदह टाउन एक्सप्रेस 23 जून से मालदह टाउन पर 06:30 बजे पहुंचेगी।

## हावड़ा मंडल ने रामपुरहाट स्टेशन पर प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। डीआरएम संजीव कुमार के नेतृत्व में हावड़ा मंडल ने आईआरसीटीसी द्वारा संचालित सभी खाद्य स्टॉलों, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट आउटलेट्स और लाइसेंस प्राप्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया है। यह पहल भारतीय रेलवे की देशव्यापी हरित नीति के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना है। निर्देशानुसार, सभी स्टॉल संचालकों को तुरंत प्रभाव से प्लास्टिक बैग, कप, स्ट्रॉ और पैकेजिंग सामग्री जैसे




सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग बंद करना होगा। उल्लंघन की स्थिति में जुर्माना और प्रतिबंधित सामग्री की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस प्रतिबंध के पालन को सुनिश्चित करने के लिए हावड़ा मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 10 जून को रामपुरहाट जंक्शन रेलवे स्टेशन पर विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बारीकी से जांच की गई और दुकानदारों व स्टाफ को वैकल्पिक और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों के बारे में जानकारी दी गई।

# हिंदमोटर में घर से मिले मां-बेटी के रक्तरंजित शव, गंभीर अवस्था में मिला परिवार का मुखिया

**हुगली :** हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र स्थित हिंदमोटर इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के तीन सदस्य खून से लथपथ हालत में घर के अंदर पाए गए। 47 डी.जे. रोड, भद्रकाली क्षेत्र स्थित इस घर में 25 वर्षीय महिला पायल चट्टोपाध्याय और उसकी 8 वर्षीय बेटी अद्रिता चट्टोपाध्याय के शव खून से सने मिले, जबकि घर के मुखिया काशीनाथ चट्टोपाध्याय गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे। उन्हें तत्काल उत्तरपाड़ा



स्टेट जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि मां-बेटी के गले और शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार मौजूद हैं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना रविवार रात या सोमवार तड़के की मानी जा रही है। स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। घटनास्थल से एक धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में परिवार या पड़ोसियों ने किसी भी तरह के विवाद या झगड़े से इनकार किया है। फिलहाल, चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की टीम सभी संभावित पहलुओं-घरेलू कलह, आत्मघाती प्रवृत्ति या बाहरी हमले से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, और पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है जिससे हत्याकांड के पीछे की असल वजह सामने आ सके। रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई इस दोहरी हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## मुख्यमंत्री ममता के स्नेह से गदगद हुए दिलीप घोष, कहा... 'आस्था पर राजनीति नहीं करना चाहिए'

**दुर्गापुर :** भाजपा से क्रमशः दूर हो रहे पार्टी के वरीय नेता दिलीप घोष अब मुख्यमंत्री ममता स्नेह से गदगद हैं और व फूले नहीं समा रहे है। अब दिलीप घोष ने एक कदम आगे बढ़कर मुख्यमंत्री की शान में कसीदे गढ़ दिया। बुधवार को उन्होंने कहा कि पूजा और मंदिर को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस दिन, दुर्गापुर के राजेन्द्र प्रसाद रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर में पत्नी रिंकू मजूमदार के साथ दर्शन के लिए पहुंचे दिलीप घोष ने स्पष्ट किया कि मंदिर जाना उनका निजी धार्मिक विश्वास है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में दिघा के जगन्नाथ मंदिर दर्शन और वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात को लेकर राज्य की राजनीति में काफी विवाद उठा। इस पर, प्रतिक्रिया देते हुए दिलीप घोष ने कहा कि मेरे वहां जाने से पार्टी को कोई समस्या नहीं है, हां कुछ लोगों



को जरूर परेशानी हुई होगी। उनकी पत्नी रिंकू मजूमदार ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से उनके नीतिगत मतभेद जरूर हैं, लेकिन ममता बनर्जी ने जिस आत्मीयता और आतिथ्य सत्कार से उनका स्वागत किया, उससे वे दोनों अभिभूत हो गए। दिलीप घोष ने आगे कहा कि मैं बचपन से ही मंदिरों में जाता रहा हूं। मैं अपने घर के सामने के शिव मंदिर में रोज जल अर्पित करता हूं। यह मेरे खून में है। पिछले साल मैं इस्कॉन मंदिर में था। बंगाल में हर बात पर आलोचना होती है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों को दिलीप घोष से समस्या हो सकती है, लेकिन मुझे किसी से कोई समस्या नहीं है। दुर्गापुर में मंदिर दर्शन के दौरान दिलीप घोष ने भगवान जगन्नाथ को स्नान भी कराया।

### बीआरसी ने पद्मनाभ गोस्वामी की दुर्लभ गौड़ीय पांडुलिपियों के संग्रह का डिजिटलीकरण किया पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर (बीआरसी) ने पद्मनाभ गोस्वामी के दुर्लभ पांडुलिपि संग्रह का डिजिटलीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। गोस्वामी गौड़ीय वैष्णव परंपरा के प्रमुख आचार्य गोपाल भट्ट गोस्वामी के 14वीं पीढ़ी के वंशज हैं और वृंदावन के ऐतिहासिक राधा रमण मंदिर के वरिष्ठ सेवायत हैं। डिजिटलीकरण परियोजना अप्रैल 2024 में बीआरसी के शोधकर्ता सौरिष दास के नेतृत्व में शुरू हुई और 2025 में पूर्ण हुई। इस परियोजना में लगभग 800 पांडुलिपियों को डिजिटाइज किया गया। अधिकांश पांडुलिपियां संस्कृत और बांग्ला में हैं, जिनमें गौड़ीय वैष्णव सिद्धांत, वेदांत, न्याय और भारतीय परंपरागत ज्ञान के अन्य विषय शामिल हैं। बीआरसी भविष्य में भी ऐसे संग्रहों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के लिए समर्पित रहेगा।

### तीन दिनों तक सुबह के समय बंद रहेगा विद्यासागर सेतु, होगा मरम्मत कार्य

**कोलकाता :** इस महीने लगातार तीन दिन सुबह के समय विद्यासागर सेतु (दूसरा हुगली पुल) पर गाड़ियों की आवाजाही बंद रहेगी। इस दौरान पुल पर मरम्मत का काम चलेगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अनुसार, 13, 14 और 15 जून को हर दिन सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक विद्यासागर सेतु पूरी तरह बंद रहेगा। इन तीन घंटों के दौरान भारी माल-वाहक वाहन (लॉरी) निवेदिता सेतु होते हुए कोलकाता में प्रवेश करेंगे और छोटे वाहन हावड़ा ब्रिज (रवींद्र सेतु) के रास्ते यात्रा करेंगे। सुबह 7:30 बजे के बाद पुल पर सामान्य यातायात बहाल हो जाएगा। ज़ीराट आइलैंड की ओर से ए.जे.सी. बोस रोड होते हुए जो वाहन विद्यासागर सेतु की ओर जाने वाले हैं, उन्हें टर्फ व्यू से हेस्टिंग्स क्रॉसिंग की ओर मोड़ दिया जाएगा। वहां से वे सेंट जॉर्जेस गेट रोड और फिर स्ट्रैंड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज की ओर जा सकेंगे। हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से केपी रोड की दिशा में भी गाड़ियाँ ले जाई जा सकेंगी। वहीं, जवाहरलाल नेहरू आइलैंड की ओर से केपी रोड होते हुए जो वाहन विद्यासागर सेतु की ओर बढ़ रहे होंगे, उन्हें 11 फर्लांग गेट होते हुए हेस्टिंग्स क्रॉसिंग की ओर भेजा जाएगा। फिर वे सेंट जॉर्जेस गेट रोड और स्ट्रैंड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज जा सकेंगे। खिदिरपुर से सीजीआर रोड के रास्ते जो वाहन विद्यासागर सेतु की ओर जाएंगे, उन्हें भी हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से बाईं ओर मोड़ कर सेंट जॉर्जेस गेट रोड से स्ट्रैंड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज की ओर भेजा जाएगा। केपी रोड से विद्यासागर सेतु की ओर आने वाली गाड़ियों को वाई पॉइंट के जरिए 11 फर्लांग गेट की ओर मोड़ा जाएगा। वहां से वे रेड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज पर जा सकेंगी। प्रशासन ने यात्रियों को पहले से वैकल्पिक रूट की जानकारी लेकर यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है।

## मुर्शिदाबाद में डेढ़ करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

❑ **एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया तलाशी अभियान**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के साहेबनगर इलाके में रात के अंधेरे में भारी मात्रा में हेरोइन की तस्करी करने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन, गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और वहां डेढ़ किलो हेरोइन बरामद की। साथ ही, घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि एसटीएफ और शमशेरगंज थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मंगलवार की रात यह अभियान चलाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गत मंगलवार की देर रात गुप्त सूत्र से सूचना मिली थी। उसके बाद, पुलिस ने साहेबनगर के एक गांव में एक घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई, जिसका बाजार मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये है। साथ ही, पुलिस ने मौके से दिल रहमान शेख



उर्फराहुल और लालुद्दीन बरभुइयां नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया। राहुल का घर मुर्शिदाबाद के सुती थाने के इस्लामपुर गांव में, जबकि जलालुद्दीन का घर असम के सिलचर में है। बताया जा रहा है कि ड्रग्स असम से लाई गई थी। क्या इस ड्रग को राज्य में तस्करी के लिए लाया जाना था? क्या गिरफ्तार किए गए लोग इस तस्करी में करियर के तौर पर शामिल हैं? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस ड्रग तस्करी में और कौन शामिल है? कौन सा गिरोह इस धंधे में शामिल है? जांचकर्ता इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को गिरफ्तार लोगों को बरहामपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। जज ने गिरफ्तार लोगों को पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।

## दीघा और महेश में स्थित मंदिरों में भगवान जगन्नाथ के स्नान की रस्में शुरू

❑ **मुख्यमंत्री ममता ने भोग के लिए भेजे अपने बगीचे के आम-कटहल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा और हुगली जिले के महेश में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को पवित्र 'स्नान यात्रा' उत्सव शुरू हुआ जो वार्षिक रथ यात्रा से पहले अनुष्ठानों की शुरुआत का प्रतीक है। बता दें कि इस वर्ष रथयात्रा 27 जून को शुरू होगी। राज्य के सबसे पुराने जगन्नाथ मंदिर स्थल महेश में भी 'स्नान यात्रा' शुरू हो गई। भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए दोनों स्थानों पर सैकड़ों भक्त एकत्रित हुए। कोलकाता स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के प्रवक्ता राधारमण दास ने बताया कि दीघा में श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की मूर्तियों को 108 पवित्र तीर्थ स्थलों से एकत्रित जल और अन्य पवित्र पदार्थों से स्नान कराया जाएगा।

राज्य सरकार ने दीघा स्थित जगन्नाथ मंदिर के संचालन की जिम्मेदारी इस्कॉन को दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक खास पहल करते हुए दीघा के जगन्नाथ मंदिर में आयोजित हो रही स्नान यात्रा के अवसर पर अपने बगीचे के पेड़ से तोड़े गए आम और कटहल भेजे हैं। इन फलों से भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पित किया जाना है। इस्कॉन के वरिष्ठ पदाधिकारी राधारमण दास ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए आम और कटहल भगवान को अर्पित किए गए 56 प्रकार के भोग में शामिल थे।

## कोलकाता मेट्रो में एल्यूमिनियम थर्ड रेल का कार्य प्रगति पर, ऊर्जा की बचत और हरित भविष्य की ओर बड़ा कदम

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो, जो देश की पहली मेट्रो सेवा है, अब तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। ब्लू लाइन (नोपारा से कवि सुभाष) में पारंपरिक स्टील थर्ड रेल को अत्याधुनिक एल्यूमिनियम थर्ड रेल से बदला जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल मेट्रो सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है, बल्कि ऊर्जा की बचत, परिचालन लागत में कमी और कार्बन उत्सर्जन को घटाना भी है।

अब तक श्यामबाजार से रवींद्र सदन तक 13.5 किलोमीटर ट्रैक पर यह बदलाव सफलतापूर्वक किया जा चुका है। दिसंबर 2025 तक यह काम नोपारा से महानायक उत्तम कुमार स्टेशन तक पूरा हो जाएगा और फिर 2026 तक कवि सुभाष तक यह कार्य विस्तार पाएगा। इस बदलाव से हर साल 6.6 करोड़ यूनिट ऊर्जा की बचत




होगी, जिससे लगभग 50 करोड़ रुपये की बचत होगी और 83,000 टन कार्बन उत्सर्जन घटेगा।

एल्यूमिनियम थर्ड रेल स्टील की तुलना में 6 गुना अधिक विद्युत प्रवाह क्षमता रखती है, जिससे ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी और ट्रेनों के बीच का अंतराल कम होगा। इसके साथ ही रखरखाव भी कम होगा और वेल्डिंग की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे टनल के अंदर की वायु गुणवत्ता बेहतर बनी रहेगी।

इस परियोजना को रेल मंत्रालय के हरित पहल के तहत तेज़ी से लागू किया जा रहा है, जिसकी निगरानी स्वयं महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी कर रहे हैं। यह परिवर्तन कोलकाता मेट्रो को अंतरराष्ट्रीय मेट्रो नेटवर्क की श्रेणी में लाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

### तारकेश्वर मार्ग में जेठ पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर निःशुल्क कावड़िया सेवा कार्य




**हुगली, समाज्ञा :** तारकेश्वर मार्ग में जेठ पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर विश्वनाथ सेवा समिति के विश्राम गृह में निःशुल्क कावड़िया सेवा का आयोजन प्रत्येक महीने की भांति इस महीने में भी किया गया। विश्वनाथ सेवा समिति एवं संजीवनी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में तारकेश्वर मंदिर जाने वाले हजारों कावड़िया बंधुओं के लिए यह सेवा कार्य किया गया। चेयरमैन गोवर्धन निगानिया, सचिव अजय निगानिया तथा संजीवनी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विश्वनाथ सेक्सरिया, ट्रस्टी संजय तोदी, विजय शंकर मोदी एवं सचिव मानव सराफ के सलाह पर यह सेवाकार्य, समाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश गुप्ता एवं सुमित निगानिया की निगरानी में आयोजित किया जाता है। इस शिविर को सफल बनाने में विशाल शर्मा, सरिता शर्मा, अन्नू शर्मा, डॉ आलोक कुमार दास, समरेश सिंह (राजा), शैलेन्द्र कुमार गुप्ता (गोपाल) आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## कोलकाता में वृद्धा की संदिग्ध मौत, गले में रस्सी के निशान, पुलिस को हत्या की आशंका

**कोलकाता :** बुधवार शाम कोलकाता के सरपेंटाइन लेन स्थित एक घर से 76 वर्षीय वृद्धा नमिता पॉल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की खबर सामने आई। वृद्धा का शव उसके घर के मुख्य द्वार के पास फर्श पर पड़ा मिला, और उसके गले में लगातार खिंची हुई रस्सी के निशान थे, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

घटना की जानकारी पुलिस को शाम करीब 6 बजे फोन पर मिली कि एक वृद्धा अपने घर में अचेत अवस्था में पड़ी है और मुख्य दरवाजे को बाहर से ताला बंद किया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर अंदर




प्रवेश किया।

पुलिस ने बताया कि मृतका नमिता पॉल, पति स्वर्गीय प्रसांता पॉल की पत्नी थीं और अकेले ही 10/1, सरपेंटाइन लेन, कोलकाता-14 में रहती थीं। उनके पति और दो बेटे पहले ही गुजर चुके हैं।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि रात लगभग 9:30 बजे उनकी देखरेख करने वाले भतीजे ने, जो सामने वाले घर में रहता है, उन्हें खाना दिया था। अगली सुबह जब उसने देखा कि दरवाजे पर ताला लगा है, तो उसे शक हुआ। शाम करीब 5:30 बजे एक रिश्तेदार पड़ोसी ने जब घर के सामने से गुजरते समय वृद्धा को जमीन पर पड़े देखा, तो उसने तुरंत बाकी परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोटो लिए, आवश्यक जब्ती की कार्यवाही की, और बेहोश अवस्था में महिला को कलकत्ता मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को महिला की मौत के पीछे साज़िश की आशंका है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## अनुब्रत मंडल के खिलाफ श्रीरामपुर थाने में शिकायत दर्ज



**हुगली, समाज्ञा :** थाना प्रभारी को मां बहन की गलियां देकर हाल ही में एक बार फिर सुर्खियों में आए बीरभूम जिले के तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल के खिलाफ श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा की ओर से बुधवार को श्रीरामपुर थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई। साथ ही, अनुब्रत मंडल के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रवक्ता हरि मिश्रा के नेतृत्व में श्रीरामपुर थाने के बाहर जम के नारेबाजी हुई। इसके बाद, भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने श्रीरामपुर थाने में जाकर अनुब्रत मंडल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। हरि मिश्रा ने कहा कि यदि अनुब्रत मंडल के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती तो भाजपा श्रीरामपुर में बड़ा आंदोलन करेगी और पूरे श्रीरामपुर को अचल कर देगी।

## नूतन बजार में भगवान जगन्नाथ का महास्नान व कलश यात्रा धूमधाम से संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा :** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नूतन बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी नूतन बाजार मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ के महास्नान का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन शुभद्रा तीनों का विधिवत जलाभिषेक किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने कलश यात्रा द्वारा गंगा नदी से सिर पर कलश लेकर मंदिर पहुंचीं और भगवान का जलाभिषेक किया। इस मौके पर पंडित लक्ष्मी कान्त तिवारी, स्वामी तापस महाराज, राधेश्याम अग्रवाल, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद पूजा पांजा, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद विजय ओझा, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, गिरीश पार्क के थाना प्रभारी हेरेक दलपति, भोला प्रसाद सोनकर, अभ्युदय दुगड़, विनोद केडिया, सुशील जैन, चांदरतन लखानी, सुशील चौधरी, पवन फतेहपुरिया एवं अन्य अतिथियों ने प्रभु को स्नान कराया। सत्यनारायण तिवाड़ी ने अपने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध किया, कार्यक्रम का संचालन महावीर प्रसाद रावत ने किया। इस महास्नान यात्रा में क्षेत्र भर के काफी लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तपन राय, तारक डे, संजय सोनकर, देवेद्र गुप्ता, सचिन सोनकर, बापी प्रकाश हलदार, लक्ष्मण सोनकर, बारी भट्टाचार्य, स्नेह कुमार, सुरेश केसरी समेत अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### बालुरघाट में घर के अंदर चल रहे देह व्यापार पर्दाफाश

**दक्षिण दिनाजपुर :** घर के अंदर चल रहे देह व्यापार का स्थानीय लोगों ने पर्दाफाश करते हुए महिला के साथ एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति पकड़ लिया। घटना बालुरघाट प्रखंड के डांगा ग्राम पंचायत के हाजीपुर से बुधवार को सामने आई है। दरअसल, मंगलवार की देर रात स्थानीय लोगों ने घर में युवकों को आते-जाते देखा, जिस पर लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद, लोगों ने घर में दबिश दी। इस दौरान महिला के साथ एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति में रंगेहाथ पकड़ लिया। दोनों को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गई। बाद में, बालुरघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले आई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि आरोपी महिला को मोहल्ले से बाहर निकाल देना चाहिए। उसकी वजह से उनके मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। उधर, बालुरघाट थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आत्रेयी नदी से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के बालुरघाट के आत्रेयी नदी से एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गया है। इस घटना से बुधवार सुबह बालुरघाट थाना के खिदिरपुर हालदारपाड़ा रेलवे ब्रिज संलग्न इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बालुरघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। साथ ही वृद्ध की मौत कैसे हुई यह भी स्थानीय लोगों को अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान जानने के साथ ही बालुरघाट थाने की पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सुबह इलाके के लोगों ने आत्रेयी नदी में एक वृद्ध का शव पड़ा देखा। इसके बाद, पुलिस को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों और पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि वृद्ध की डूबने से मौत हुई होगी।

### आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को 2024-25 में 1,800 से अधिक नौकरियों के मिले प्रस्ताव

**खड़गपुर, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रों को 2024-25 के 'प्लेसमेंट' सत्र में 1,800 से अधिक नौकरियों के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों के 25 प्रस्ताव भी शामिल हैं। संस्थान ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में बताया गया कि 'प्लेसमेंट' सत्र के पहले दो दिन में 800 से अधिक प्रस्ताव मिले, जबकि तीसरे दिन संस्थान 1,000 के आंकड़े तक पहुंच गया जो आईआईटी खड़गपुर में पढ़ रहे छात्रों की विभिन्न उद्योगों में मजबूत मांग को दर्शाता है। इस सत्र में नौ छात्रों को एक करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव मिले और सबसे अधिक 2.14 करोड़ रुपये प्रति वर्ष वेतन का प्रस्ताव मिला। संस्थान ने कहा कि ये प्रस्ताव प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय संगठनों से मिले हैं।

## कोरोना काल में इलाज में लापरवाही से नाबालक की मौत, हाईकोर्ट ने क्षतिपूर्ति के आदेश को बरकरार रखा

**कोलकाता :** कोरोना संदिग्ध होने के कारण शहर के तीन अस्पतालों ने जब बेलघरिया के एक नाबालक को भर्ती नहीं किया, तब इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के संबंध में पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य आयोग ने क्षतिपूर्ति का आदेश दिया था। लेकिन इस आदेश को चुनौती देकर संबंधित एक नर्सिंग होम ने कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मंगलवार को न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति ऋतव्रत कुमार मित्र की डिवीजन बेंच ने वह याचिका खारिज कर दी।

घटना महामारी के पहले चरण की है, जब बेलघरिया के निवासी शुभ्रजीत नाम के 16 वर्षीय किशोर की तबीयत बिगड़ गई थी। परिवार का आरोप है कि बेलघरिया के एक



नर्सिंग होम की उदासीनता के कारण बिना इलाज के ही नाबालक की मौत हो गई। उसे प्राथमिक चिकित्सा तक नहीं दी गई थी। इसके बाद परिवार ने स्वास्थ्य आयोग में शिकायत की, जिसने अस्पताल को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

इस आदेश के खिलाफ नर्सिंग होम ने हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया।

मामले की सुनवाई में अदालत ने टिप्पणी की, पिछले पांच वर्षों से एक मां अपने बेटे को खोकर भी यह असमान लड़ाई अकेले लड़ रही हैं। नर्सिंग होम ने उस नाबालक को न्यूनतम चिकित्सा सहयोग तक नहीं दिया। क्षतिपूर्ति का आदेश कायम रहेगा। संबंधित निजी नर्सिंग होम को पांच लाख रुपये का जुर्माना देना होगा।

डिवीजन बेंच ने यह भी कहा, अदालत एक संतान खो चुकी मां की पीड़ा को सम्मान देती है। जिस तरह एक बीमार नाबालक को बिना किसी इलाज के लौटा दिया गया, वह किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार्य नहीं है।

अदालत के इस फैसले से शुभ्रजीत के परिवार की लंबी लड़ाई को आखिरकार न्यायिक मान्यता मिली।

## हावड़ा सेक्स रैकेट की मुख्य आरोपी श्वेता खान बेटे आर्यन समेत गिरफ्तार

❑ **इवेंट कंपनी की आड़ में मां-बेटे बनाते थे अश्लील फिल्में**

❑ **श्वेता की मां को पूछताछ के लिए लिया था हिरासत में**

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने हावड़ा सेक्स और पोर्नोग्राफिक फिल्म रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक श्वेता खान को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को उसे कोलकाता के अलीपुर इलाके से हावड़ा सिटी पुलिस ने पकड़ा है। इससे पहले बुधवार को ही श्वेता के बेटे और इस मामले के सह-आरोपी आर्यन खान को दक्षिण कोलकाता के गोल्फ ग्रीन इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि आर्यन और उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया था। वो पांच दिन से फरार चल रहे थे। पुलिस आयुक्त प्रवीण त्रिपाठी ने बताया कि आर्यन से पूछताछ जारी है, और जल्द ही जांच से जुड़ी डिटेल्स साझा की जाएंगी। हावड़ा पुलिस ने इससे पहले श्वेता की मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। साथ ही, श्वेता की सबसे छोटी बेटी जो महज तीन साल की है, उसे भी एक अज्ञात कोलकाता निवासी के घर से रेस्क्यू किया गया है।

❑ **पीड़िता की हालत गंभीर, सीसीयू में भर्ती**

दरअसल, यह मामला तब सुर्खियों में आया जब उत्तर 24 परगना के पानीहाटी की 22 वर्षीय युवती किसी तरह से मां-बेटे के चंगुल से भागने में सफल हो गई थी। वो छह महीने से इस रैकेट का शिकार थी। उसने पुलिस को बताया कि उसे एक फर्जी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में नौकरी का झांसा देकर आर्यन ने बुलाया था और बाद में उसे हावड़ा के डोमजूर इलाके के एक फ्लैट में कैद कर लिया गया। वहां उसे जबरदस्ती पोर्न शूट्स में काम करने और बार डांसर बनने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह कथित इवेंट कंपनी सिर्फ एक दिखावा थी, जिसे मां-बेटे की जोड़ी अपने सेक्स और पोर्न रैकेट के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है और वह फिलहाल सागर दत्ता अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती है। उसे सिर, अंगों और आंतरिक हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

❑ **राष्ट्रीय महिला आयोग ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट**

दूसरी तरफ, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इस पूरे मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है और राज्य के डीजीपी से 48 घंटों में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने राज्य को पीड़िता को मुफ्त इलाज और मानसिक परामर्श देने का निर्देश भी दिया है। पीड़ित युवती की मां ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने मंगलवार की शाम से बेटी की बिगड़ती हालत के बाद न्याय की गुहार लगाई है।

# कोलेस्ट्रॉल को काल बनने न दें

सीतेश कुमार द्विवेदी


कोलेस्ट्रॉल जीवन का आवश्यक तत्व है जो रक्त वाहिकाओं एवं कोशिकाओं में होता है। खान-पान में मौजूद वसा को हमारा शरीर कोलेस्ट्रॉल के रूप में बदल देता है। कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा तत्व है। यह कोशिकाओं एवं रक्त वाहिकाओं में सदैव मौजूद रहता है। इसकी सामान्य मात्रा निर्धारित है जो रक्त की प्रयोगशाला में जांच से पता चलती है। कोलेस्ट्रॉल की अधिकता बीपी में वृद्धि एवं हृदय रोग, हृदयाघात का कारण बनती है।

अपने खानपान एवं जीवनशैली में मामूली बदलाव कर कोलेस्ट्रॉल को काबू में लाया जा सकता है एवं इसे काल (मृत्यु) का कारण बनने से रोका जा सकता है। वसा से बना कोलेस्ट्रॉल कोशिकाओं के लिए आवश्यक तत्व है। इस मोम जैसे पदार्थ की बदौलत शरीर ठीक ठाक काम करता है। इसकी थोड़ी बहुत अर्थात सामान्य मात्रा शरीर के लिए जरूरी है। इसकी मात्रा बढ़ जाने पर अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं।

यह रक्त ले जाने वाली वाहिकाओं में जमा होकर उसे अवरूद्ध करती है जिससे हार्ट अटैक हो जाता है। यदि मस्तिष्क तक खून ले जाने वाली कोई वाहिका अवरूद्ध होती है तब लकवा मार सकता है। कोलेस्ट्रॉल के अधिक होने से दिल की बीमारियां, हार्ट अटैक एवं पक्षाघात आदि का खतरा और बढ़ता जाता है।

कोलेस्ट्रॉल को जानिए:- भोजन से प्राप्त वसा द्वारा ही शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनता है। यह दैनिक श्रम कर खर्च नहीं करने पर पूंजी की तरह जमा होता जाता है। रक्त की जांच से इसकी मौजूद मात्रा का पता चलता है। कोलेस्ट्रॉल की सामान्य मात्रा नुकसानदायक नहीं है। यह दो प्रकार का होता है। पहले को लो डेन्सिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह खराब होता है। यही मात्रा बढ़ने पर रक्त वाहिकाओं में अवरोध खड़ा करता है और शत्रु बन जाता है।

दूसरे को हाई डेन्सिटी लिपोप्रोटीन कहा जाता है। यह अच्छा होता है। यह सदैव मित्र का काम करता है। यह शत्रु कोलेस्ट्रॉल एल डी एल के अवरोध को दूर करता है इसीलिए इसकी मात्रा को बढ़ाने एवं शत्रु कोलेस्ट्रॉल एल



डी एल की मात्रा को घटाने को कहा जाता है। सामान्य शब्दों में शत्रु कोलेस्ट्रॉल रक्त ले जाने वाले मार्ग में बाधा खड़ी करता है जबकि मित्र कोलेस्ट्रॉल इस अवरोध को दूर करता है।

रक्त में एल डी एल कोलेस्ट्रॉल के साथ ट्राइग्लिसराइड्स भी मिलता है। इन दोनों या दोनों में से किसी एक का स्तर सामान्य से अधिक होने एवं एच डी एल कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य से कम होने पर दिल की बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। कोलेस्ट्रॉल ज्यादा होने से आशय शत्रु मित्रा कोलेस्ट्रॉल में से शत्रु अर्थात टोटल कोलेस्ट्रॉल के अधिक होने को कहा जाता है।

**कोलेस्ट्रॉल का सुरक्षित स्तर:-**

- शत्रु कोलेस्ट्रॉल एल डी एल को 70 से 100 के भीतर होना चाहिए।
- ट्राइग्लिसराड्स को 100 से 150 के भीतर होना चाहिए।
- मित्रा कोलेस्ट्रॉल एच डी एल को 40 से 45 के भीतर या अधिक होना चाहिए।
- एच डी एल महिलाओं में 50 या अधिक होना चाहिए।
- एच डी एल पुरूषों में 40 से 45 तक या अधिक होना चाहिए।
- भारतीयों में ट्राइग्लिसराड्स अधिकतर अधिक मिलता है।
- तेल, घी, डालडा एवं मीठे के कारण यह अधिक होता है।
- शत्रु कोलेस्ट्रॉल एल. डी. एल. एवं ट्राइग्लिसराड्स का बढ़ना खतरनाक होता है।
- मित्र कोलेस्ट्रॉल एच. डी. एल. की अधिकता खतरे से बचाता है। इसका अधिक होना लाभदायी होता है।

**टोटल कोलेस्ट्रॉल को कौन सामान्य से कम रखें:-**

- जिन्हें बीपी एवं हृदय रोग हो।
- जिनके परिवार में पहले ही हृदय रोग एंजाइना एवं हार्ट अटैक हो चुका हो।
- जिन्हें डायबिटिज हो एवं रक्त शुगर लेवल ज्यादा हो।
- जिनके परिवार में किसी को हाई बीपी हो।
- जो धूम्रपान अधिक करता हो।

कोलेस्ट्रॉल का लेवल कैसे सुधारें?

- भोजन की मात्रा सामान्य से अधिक कदापि न हो। यह पौष्टिक हो।
- तेल, घी, डालडा, वनस्पति तेल (ट्रांसफैटी एसिड्स) की मात्रा अत्यंत न्यून हो।
- मांस, मछली, मुर्गा, अंडे की मात्रा अत्यंत कम कर दें।
- लीन मीट के स्थान पर बिना खाल का मुर्गा खाएं जो तेल में तला न हो।
- मुर्गे की बजाय मछली खाएं।
- मांस, मुर्गा, मछली, अंडा जो भी खाएं, कभी कभार एवं कम मात्रा में खाएं। वैसे इन्हें नहीं खाना सबसे श्रेष्ठ है।
- न तम्बाकू का सेवन करें न धूम्रपान करें। इनसे दूर रहें।
- वजन, मोटापा एवं कमर का घेरा न बढ़े।
- स्थिर एवं साधन-सुविधाभोगी की बजाय सक्रिय जीवन जिएं।
- ताजी मौसमी सब्जियां एवं फल आदि खाएं।
- नमक की मात्रा अत्यंत कम कर दें।
- सलाद, सूप, जूस, रायता में नमक, शक्कर न हो।
- अचार, पापड़ न के बराबर लें।
- डिब्बाबंद बोतल बंद प्रोसेस्ड चीजें न लें।
- पालिश वाले चावल, दाल आदि से बचें।
- बिस्कुट, ब्रेड, नॉन कुलचे, पेस्ट्री, मठरी, या अन्य कंफेक्शनरी न खाएं।
- शुगर की बीमारी को कंट्रोल में रखें।
- अंकुरित चीजें लें। बिना नमक वाला भुना चना एवं मूंगफली खाएं।
- कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा के उपयोग से बचें।

(स्वा.द.)

# सबसे अच्छा व्यायाम है टहलना



टहलना, चलना, पदयात्रा करना, इसे हमारे बापू महात्मा गांधी कसरतों की रानी कहते थे। उन्होंने जीवन भर पदयात्रा को महत्त्व दिया।

नियमित टहलने से शरीर का आकार सही रहता है। शारीरिक ऊर्जा में बढ़ोत्तरी होती है। इससे हाथ, पैर एवं मस्तिष्क में रक्त संचरण की गति में तीव्रता आती है। मस्तिष्क अधिक सक्रियता का बोध कराता है। टहलने वाला स्वयं को मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ अनुभव करता है।

इससे आचार विचार, जीवन शैली एवं संवेदनाओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है। शरीर में बदलाव धीरे-धीरे दृष्टिगोचर होता है। शरीर फिजिकल फिटनेस के अनुरूप अपने को ढालने का प्रयास करता है। नए फैशन एवं स्टाइल के अनुरूप जीवन यापन पसंद आने लगता है।

टहलने, पदयात्रा करने वाला व्यक्ति युवक हो अथवा युवती, बालक हो या प्रौढ़ हो, सबको इससे लाभ मिलता है। वैसे भी छरहरा बने रहने में सबकी रूचि होती है। डॉक्टर भी पेट, हृदय व फेफड़े के रोगियों को प्रातः टहलने की सलाह देते हैं। इससे मोटापा घटता है। शुद्ध रक्त वाहक धमनियों से शरीर के भीतर गतिविधियां बढ़ती हैं। कार्य क्षमता बढ़ती है। रक्तचाप सामान्य रहता है। सर्वांग में हलचल होती है। त्वचा, शरीर व मांसपेशियों में कसाव आता है। फेफड़ों की शक्ति में बढ़ोत्तरी होती है।

हरियाली से आंखों को सुकून व शांति मिलती है। हृदय को सुखानुभूति होती है। पाचन क्रिया सही रहती है। गुस्से में कमी आती है। मूड भी बदलता है। दिनभर मन प्रसन्नचित रहता है।

कहां, कब, कैसे टहलें:- सूर्योदय से पूर्व या एक दो घंटे पूर्व टहलने का समय निश्चित करें। प्रतिदिन मार्ग बदल कर चलें। नवीनता का बोध होगा। बोर नहीं होंगे। टहलने के लिए संगी-साथी जरूरी नहीं है। परिचित मिल जाएं तो अभिवादन कर या जवाब देकर आगे बढ़ जाएं। साथी-साथ में हो तो बात न के बराबर करें। मुंह बंद रखें, नाक से गहरी सांस लें। दृष्टि की दूरी स्थिर न रखकर घटाते बढ़ाते रहें।

झुककर नहीं अपितु तन कर चलें। परिचित अपरिचित जो भी मिले, सदैव मुस्कुराते रखें। चेहरे पर असमय झुर्रियां नहीं आएंगी। जहां टहलते हैं वह स्थान प्रदूषण रहित स्वच्छ अर्थात प्राणप्रद वायु आक्सीजन अधिक्य वाला हो। नंगे पैर प्रदूषण रहित, हरी भरी घास पर चलने से आंखों की ज्योति बढ़ती है। सदैव नाक से सांस लें। परिवार सहित टहलें तो सबको लाभ मिलेगा। स्नेह संबंध बढ़ेगा। संबंधों को यथोचित महत्त्व मिलेगा।

धीमी, गति से चलना आरंभ कर गति बढ़ाते जाएं। फिर गति धीमी कर लें। प्रतिदिन 3 से 5 किलोमीटर अथवा 20 से 30 मिनट टहलें। सप्ताह में कम से कम 5 दिन अवश्य टहलें। अधिक पसीना निकले या शरीर के किसी भाग में दर्द हो तो विश्राम करें। अपने चिकित्सक से उचित सलाह लें। पदयात्रा का डॉक्टर के निर्देशानुसार कार्यक्रम बनाएं। हृदय एवं मधुमेह के रोगी चिकित्सक के परामर्श के अनुसार पदयात्रा करें। (स्वा.द.)

# स्वप्नदोष से घबराएं नहीं

रमेन दासगुप्ता 'शुभ्रो'

स्वप्नदोष कोई रोग नहीं है बल्कि यह एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया का ही अंग है। इसलिए स्वप्नदोष से डरने की जरूरत नहीं है।

आम तौर पर यह धारणा प्रचलित है कि स्वप्नदोष से शारीरिक कमजोरी और नामर्दी की गुंजाइश रहती है जबकि यह पूरी तरह से गलत है। शारीरिक कमजोरी और नामर्दी का स्वप्नदोष से कोई लेना देना नहीं है।

क्या है स्वप्नदोष:- किशोरावस्था में लड़कों के हार्मोंस में बदलाव आने की वजह से लिंग और अण्डकोष का आकार बढ़ने लगता है। इस दौरान सोते समय स्वप्न में कोई कामोत्तेजक दृश्य देखने पर लिंग में कड़ापन आ जाता है और अनजाने में ही वीर्यपात हो जाता है। इसे ही स्वप्नदोष कहते हैं। सप्ताह में दो तीन बार स्वप्नदोष एक आम बात है। किशोरों के अतिरिक्त ऐसे विवाहित पुरूष जो किन्हीं कारणों से पत्नी से दूर रहते हैं, उन्हें भी स्वप्नदोष की शिकायत होती है।

सभी पुरूषों को स्वप्नदोष आए, यह भी जरूरी नहीं। स्वप्नदोष, हस्त मैथुन आदि के कारणों को समझने के लिए शरीर में वीर्य की उत्पत्ति संबंधित सिस्टम को समझना भी जरूरी है।

पुरूषों के अण्डकोष में सत्तर से अस्सी साल की उम्र तक लगातार वीर्य बनता रहता है। हालांकि चालीस साल की उम्र के बाद इसकी गति कुछ धीमी जरूर हो जाती है लेकिन एक प्रक्रिया सतत जारी रहती है। जिस तरह से एक खाली गिलास में उसके आकार और क्षमता तक पानी भरा जा सकता है उसी तरह पुरूषों के अण्डकोष में वीर्य धारण करने की सीमित क्षमता होती है। अतिरिक्त वीर्य या तो स्वप्नदोष के द्वारा बाहर हो जाता है या फिर हस्तमैथुन के माध्यम से अतिरिक्त वीर्य बाहर निकल जाता है हालांकि



अत्यधिक हस्तमैथुन भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता।

लोग कहते हैं कि सौ बूंद रक्त से एक बूंद वीर्य बनता है जबकि सच्चाई यह है कि वीर्य बनने में एक बूंद रक्त की भी आवश्यकता नहीं है। पुरूषों की तरह महिलाओं के शरीर से उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा माहवारी के रूप में बाहर निकल कर शरीर में अपना संतुलन बनाए रखती है।

यदि किन्हीं कारणों से स्वस्थ व्यक्ति को स्वप्नदोष न आए या फिर वह हस्तमैथुन भी नहीं करे तो शरीर में उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा उसके दिमाग पर सीधा असर कर सकती है। तब व्यक्ति पागलपन या हृदयाघात का शिकार भी हो सकता है। महिलाओं को माहवारी नियमित नहीं होने पर या उसमें बिना कारण रूकावट आ जाने पर पागलपन का दौरा पड़ सकता है। इन परिस्थितियों में विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह पर दवा आदि का सेवन करना चाहिए। (स्वा.द.)

# फूड पायजनिंग: एक घातक बीमारी

चन्द्रेश्वर प्रसाद

फूड पायजनिंग एक बहुत ही घातक बीमारी है। इसमें भोजन द्वारा विष पेट में चला जाता है। होता यह है कि किसी प्रकार संक्रामक जीवाणु भोजन में मिल जाते हैं तो भोजन जहरीला बन जाता है और यही भोजन उपयोग में लाने से मनुष्य फूड पायजनिंग का शिकार हो जाता है। इसमें थोड़े ही समय बाद स्थिति चिंताजनक हो जाती है।

प्रत्येक गृहस्थ एवं गृहिणी को इसकी जानकारी आवश्यक है। कहीं ऐसा न हो कि घर बनाए भोजन को लेकर कोई सदस्य मौत की गोद में चला जाए।

प्रायः गंदे हाथों से भोजन छूने के कारण हाथ के जीवाणु भोजन में मिल जाते हैं और इस प्रकार का जहर पैदा हो जाता है कि वह शरीर में जाकर प्राणघातक बन जाता है।

जहरीला भोजन करने से कुछ घंटों के बाद फूड पायजनिंग के लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं। इसके मुख्य लक्षण इस प्रकार हैं-

- मन में घबराहट,
- दस्त और उल्टी
- बहुत अधिक कमजोरी महसूस करना।
- खाने के बाद पसीना छूटना और घबराहट बढ़ जाना।

खाना खा लेने के बाद अगर ये लक्षण दिखाई पड़ें तो तुरंत समझ लेना चाहिए कि रोगी को फूड पायजनिंग हो गया है।

- उसे तुरंत ज्यादा मात्रा में नमक मिला हुआ कुनकुना पानी पिलाना चाहिए।
- नमक से भी अधिक प्रभावकारी राई है। इसे देकर वमन कराना चाहिए।
- थोड़ी देर के बाद एनिमा या जुलाब की टिकिया देनी चाहिए।

इस रोग में अगर रोगी के हाथ-पैर में ऐंठन हो और वह बेतरह हांफ रहा हो तो तुरंत डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

यह बीमारी कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों तक रह जाती है। (स्वा.द.)

# पाचन क्रिया बढ़ाने में सहायक - गन्ना

भाषणा बांसल

आयुर्वेद में गन्ने के रस को शीतल व रोगों से मुक्ति दिलाने वाला माना गया है। गन्ने में विटामिन बी की काफी मात्रा होती है जो शरीर के लिए एक उत्तम टॉनिक है।

इससे शरीर को लोहे की प्राप्ति होती है जो शरीर में रक्त की कमी को पूरा करती है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, वसा व कार्बोज उचित मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही यह अनेक रोगों को दूर करने में भी सहायक है।

- लगातार हिचकी आ रही हो तो गन्ने का रस पीने से लाभ होता है।
- गर्मी की ऋतु में गन्ना चूसने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।
- सूखी खांसी होने पर भोजन के बाद इसका सेवन करें।
- गन्ना शरीर को शक्ति प्रदान करता है।
- पीलिया रोग में सुबह-शाम इसका सेवन करने से अत्यंत लाभ होता है।
- आवाज सुरीली बनाने हेतु अदरक के साथ गन्ना चूसें।
- कब्ज होने पर इसके रस को पका कर पियें। इससे पेट साफ होता है।
- खून में यदि शर्करा की कमी पाई जाए या चक्कर आते हों तो गन्ने के रस का सेवन अति लाभकारी सिद्ध होता है।
- नियमित गन्ना चूसने से पाचन शक्ति बढ़ती है।
- गन्ना चूसने से दांतों की चमक में वृद्धि होती है व दांत मजबूत होते हैं।
- सीने में जलन होने पर गन्ना चूसने से लाभ होता है।
- गन्ने का रस पीने से बार-बार उल्टी का आना बन्द होता है व मन को ताजगी मिलती है।
- पथरी होने पर प्रतिदिन गन्ना चूसें। इससे पथरी टुकड़े-टुकड़े होकर निकल जाएगी।
- गर्मियों में लू लगने से बचने के लिए जौ का सत्तू खाकर गन्ने का रस पिएं।
- गन्ने के रस में, मूली का रस मिलाकर पीने से कुकर खांसी में आराम मिलता है।
- छोटे बच्चों के पेट में कीड़े हों तो उन्हें भोजन से पहले 100 ग्राम गन्ने का रस पिलाने से लाभ होता है।
- गन्ना चूसने से मूत्रा संबंधी बीमारियां दूर होती है।
- गन्ना पतले लोगों के लिए अति लाभकारी है।

(स्वा.द.)



# खाने में कौन सा तेल इस्तेमाल करना चाहिए

संजीव कुमार वर्मा

हमारी भारतीय किचन में वसा के रूप में मुख्यतः तीन तरह की चिकनाई प्रयोग की जाती हैं।

1. वनस्पति तेल
2. वनस्पति घी और
3. देसी घी और बटर।

इनका प्रयोग मुख्यतः तीन तरह से किया जाता है, एक तो सब्जी छौंकने के लिए, दूसरे खाने की चीजें तलने के लिए और सब्जी में डालने या रोटी पर चुपड़ने के लिए।

सब्जी छौंकने के लिए सबसे बेहतर है अपना वही पुराना सरसों का तेल। सब्जी में डालने और रोटियाँ चुपड़ने के लिए बेहतर है वन एन ओनली देसी घी और खाने की चीजें तलने के लिए देसी घी या फिर वनस्पति घी।

आइये इसके पीछे का विज्ञान समझते हैं....

चीजें तलने के लिए हमें जरूरत होती है किसी ऐसे माध्यम की जिसका बोइलिंग पाइंट ज्यादा हो। कम से कम 170 डिग्री से लेकर 190 डिग्री तक जैसे कि तेल या घी का। खौलते तेल में डालते ही उस वस्तु की बाहरी सतह का पानी एकदम सूख जाता है और वह एकदम कड़ी हो जाती है और फिर उसके अंदर कुछ नहीं जाता। यह एक सील का काम करता है। इसके अलावा अंदर मौजूद नमी भाप बनकर उड़ती है और तेल को अंदर नहीं घुसने देती।

अब तेल या घी के तापमान के कारण अंदर की सभी चीजें पक जाती हैं और उस चीज को अधिक तापमान में जलने से पहले हम बाहर निकाल लेते हैं और हमारे सामने होती है डीप फ्राइड खाने की वस्तु जो अक्सर कुरकुरी होती है।



अब प्रश्न उठता है कि तलने के लिए तेल का प्रयोग करें या घी का?

तो उत्तर है घी।

घी ही क्यों?

क्योंकि घी बना होता है सैचुरेटिड फैटी एसिड्स से।

वनस्पति तेल क्यों नहीं?

क्योंकि यह बना होता है अनसैचुरेटिड फैटी एसिड्स से।

अनसैचुरेटिड फैटी एसिड्स से बना तेल प्रयोग करेंगे तो क्या होगा?

गर्म करने पर वनस्पति तेल का आक्सीडेसन होगा और कुछ अनडिजाइरेबिल प्रोडक्ट्स बनेंगे जो सेहत के लिए हानिकारक होंगे।

तो बेहतर है कौन?

घी या वनस्पति घी या फिर ऐसा तेल जिसमें सैचुरेटिड फैटी एसिड्स ज्यादा हों।

एक्चुअली हमें चाहिए एक ऐसा माध्यम जिसका स्मोक पाइंट भी ज्यादा हो और जो आक्सीजन के साथ भी ज्यादा रियेक्ट न करे, मीन्स स्टेबल हो। यह तभी होगा जब तलने के उस माध्यम में सैचुरेटिड फैटी एसिड्स ज्यादा होंगे। यह खूबी है या तो घी में या फिर वनस्पति घी में और या फिर कुछ चुनिंदा वनस्पति तेलों में।

तो सबसे बेहतर वनस्पति तेल कौन सा?

नारियल का तेल।

क्योंकि इसमें सैचुरेटिड फैटी एसिड्स अपेक्षाकृत ज्यादा होते हैं।

यह देखा गया है कि 180 डिग्री तापमान पर लगातार 8 घण्टे प्रयोग करने पर भी इसकी क्वालिटी खराब नहीं होती है।

अब देशी घी की बात करें तो उन पशुओं का घी बेहतर होगा जो घास ज्यादा खाते हैं और दाना या रातिब कम। घास ज्यादा खाने वाले जानवरों के घी में पालीअनसैचुरेटिड फैटी एसिड्स कम होंगे और दाना या रातिब खाने वाले जानवरों के घी में पालीअनसैचुरेटिड फैटी एसिड्स ज्यादा होंगे।

इसलिए कहते हैं न कि गाँव की देसी गाय या भैंस का घी सबसे बढ़िया।

घी न हो तो??? महंगा बहुत है न....

तो नारियल का तेल।

किसी को नारियल के तेल की खुशबू पसंद ना हो तो???

मूंगफली का तेल।

वो भी न हो तो???

तो भाई गुरुद्वारे चला जा और थोड़ा सा प्रसाद मेरे लिए भी लेते आना।

और हाँ, रोज रोज वनस्पति घी में तली पूड़ियों के चक्कर में मत पड़ जाना। अति इसकी भी बुरी है। नौ किलो कैलोरी होती हैं एक ग्राम में। छठे चौमासे तीज त्यौहार पर मनाही नहीं मगर थोड़ा हाथ रोककर ही रखना। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

## ट्राईग्लिसराइड्स का अधिक स्तर बढ़ाता है हृदय रोगों की संभावना

विशेषज्ञों का मानना है कि रक्त में ट्राईग्लिसराइड्स की अधिकता हानिकारक है। हृदय की बीमारियां उत्पन्न करने में कोलेस्ट्रोल का जितना योगदान है उतना ही ट्राईग्लिसराइड्स का भी है। ट्राईग्लिसराइड्स की अधिकता से हृदय रोगों व पक्षाघात होने की संभावना बढ़ जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार ट्राईग्लिसराइड्स के स्तर को नियंत्रित करने के लिए अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाना जरूरी है जैसे:-

- ▲ आवश्यकता से अधिक कैलोरी ग्रहण न करें क्योंकि ये वसा और ट्राईग्लिसराइड्स में बदल जाती हैं।
- ▲ मक्खन, मलाई आदि वसा के स्रोतों में कटौती कीजिए। वसा में बड़ी मात्रा में कैलोरी होती है जो ट्राईग्लिसराइड्स का स्तर बढ़ा देती है।
- ▲ भोजन में रेशे की मात्रा बढ़ाएं जैसे हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, फल आदि क्योंकि इनका सेवन बुरे कोलेस्ट्रोल (एल डी एल) की मात्रा को कम करता है और एच डी एल के स्तर को बढ़ाता है।
- ▲ तम्बाकू व अल्कोहल के सेवन से भी ट्राईग्लिसराइड्स की मात्रा प्रभावित होती है। अधिक धूम्रपान करने वालों में ट्राईग्लिसराइड्स की मात्रा अधिक देखी गई है।
- ▲ नियमित व्यायाम करें। इससे आपके शरीर में उपस्थित ट्राईग्लिसराइड्स ऊर्जा के रूप में खर्च होने लगते हैं व रक्त में इनके स्तर में कमी आती है। यही नहीं, हृदय रोगों का एक अन्य कारण जैसे तनाव भी व्यायाम करने से कम होता है और मांसपेशियां व हड्डियां मजबूत होती हैं।
- ▲ लहसुन, अदरक, प्याज आदि का सेवन भी रक्त में कोलेस्ट्रोल के स्तर को व ट्राईग्लिसराइड्स के स्तर को नियंत्रित करता है। विटामिन सी, ई, बी6, मैग्नीशियम कैल्शियम, जिंक आदि के उत्तम स्रोतों का सेवन भी रक्तवाहिनियों में वसायुक्त प्लेक के जमा होने की संभावना कम करता है।

नियमित प्रयोग शरीर को युवा बनाए रखने में सहायक होता है।

## मानसिक क्षरण रोकता है व्यायाम

सॉन फ्रांसिस्को में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की साइकाइट्रिस्ट और न्यूरोलिजिस्ट क्रिस्टिन याफे द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार बड़ी उम्र की महिलाएं जो नियमित व्यायाम करती हैं, उनमें मानसिक क्षरण होने की संभावना कम होती है और साथ ही बढ़ती उम्र में होने वाली कई बीमारियां होने की संभावना भी कम होती है। इस शोध में 65 वर्ष व इससे अधिक उम्र की महिलाओं की व्यायाम संबंधी आदतों का 6 वर्षो तक अध्ययन किया गया। इस शोध के फलस्वरूप विशेषज्ञों ने पाया कि जो महिलाएं, व्यायाम जैसे पैदल चलना व जागिंग आदि करती रहीं, उनमें व्यायाम न करने वाली महिलाओं की तुलना में 26 प्रतिशत कम मानसिक क्षरण पाया गया। इसलिए अगर आप चाहती है कि आपका मस्तिष्क स्वस्थ रहे तो पैदल चाहिए।

## विटामिन 'के' युक्त क्रीम दूर करती है आंखों के नीचे पड़े काले स्याह निशानों को

त्वचा विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध में पाया गया कि विटामिन के युक्त क्रीम आंखों के आस पास पड़े स्थायी काले निशानों को दूर करने में सहायक है। इस शोध में 12 सप्ताह तक विटामिन 'के' युक्त क्रीम लगाने के पश्चात् उसका प्रभाव जानने पर पता चला कि विटामिन 'के' युक्त क्रीम आंखों के नीचे पड़े काले निशानों को 70 प्रतिशत कम करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि विटामिन के क्षतिग्रस्त रक्त नलिकाओं को शीघ्र ठीक कर सकता है पर सूरज की किरणें इसके लाभकारी प्रभाव में बाधा डालती हैं, इसलिए इसका रात में ही प्रयोग किया जाना लाभकारी है।

## नाश्ता न करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

आजकल अधिकतर बच्चे नाश्ता नहीं करते। कुछ बच्चे तो यह आदत अपने अभिभावकों से ही सीखते हैं जिन्हें अपने ऑफिस पहुंचने में इतनी देर हो रही होती है कि एक कप चाय या कॉफी पी और ऑफिस की ओर चल पड़े। वैसे तो चाहे वयस्क हों या बच्चे, सभी के लिए नाश्ता करना बेहद जरूरी है पर बच्चों के लिए तीनों समय सुबह, दोपहर, रात भोजन करना उनकी बढ़ोत्तरी और अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है। नवीनतम शोधों से यह भी पता चला है कि जो बच्चे सुबह नाश्ता करते हैं वे पढ़ाई में सही ध्यान दे पाते हैं और चुस्त भी रहते हैं और जो बच्चे नाश्ता नहीं करते, वे थके-थके, बुझे-बुझे से रहते हैं और पढ़ाई में भी मन नहीं लगा पाते।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर व्यक्ति नर्वस है तो वह कुछ खाना पसंद नहीं करता। सुबह बच्चा तनाव में होता है-एक तरफ स्कूल की बस छूट जाने की चिंता, तैयार होना, स्कूलबैग पैक करना और दूसरे होमवर्क पूरा न हो पाने की चिंता, यह सब बच्चे की भूख ही उड़ा देती है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि बच्चे के जरूरी काम रात को सोने से पूर्व निपटा लें जैसे स्कूल बैग तैयार रखना, यूनिफार्म तैयार रखना आदि होमवर्क पूरा करवा कर ही बच्चे को सुलाएं ताकि वह सुबह बेफिक्र हो उठे। फ्रेश होकर उसे जल्दी में नहीं बल्कि आराम से नाश्ता करवाएं। आप 15 मिनट पहले का अलार्म लगाएं ताकि सभी काम भागादौड़ी में नहीं, आराम से निपटा सकें। अगर तनाव नहीं होगा तो बच्चे को तो भूख लगेगी ही, साथ ही आप भी नाश्ता सही समय पर कर लेंगे।

## मस्तिष्क के लिए आवश्यक है विटामिन बी

नवीनतम शोधों से पता चला है कि विटामिन बी 12 और फोलिक एसिड की कमी मानसिक क्षरण का कारण बनती है और अल्जाइमर रोग की संभावना को भी बढ़ाती है। विशेषज्ञों के अनुसार विटामिन बी 12 और फोलिक एसिड का कम स्तर रक्त में होमोसाइटिन को बढ़ाता है। इस शोध में 76 अल्जाइमर रोगियों व 108 स्वस्थ व्यक्तियों के रक्त में होमोसाइटिन के स्तर की तुलना की और अल्जाइमर रोगियों में होमोसाइटिन का स्तर अधिक पाया गया।

## रेशेदार भोजन कम करता है मोटापे को

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार वयस्क व्यक्ति जो प्रतिदिन 23 ग्राम रेशे की मात्रा का सेवन करते हैं, उन्हें उन व्यक्तियों की तुलना में जो रेशे की आवश्यक मात्रा का सेवन नहीं करते, मोटापा होने की संभावना कम होती है। विशेषज्ञों के अनुसार रेशेदार भोजन का सेवन करने वाले व्यक्तियों में आमतौर पर इंसुलिन का स्तर भी कम होता है जो मोटापे से उन्हें सुरक्षा देता है।

नवीनतम शोधों से यह भी पता चला है कि ओट फाइबर का सेवन रक्त शर्करा नियंत्रित करता है और इंसुलिन सेंस्टिविटी को भी सुधारता है। ओट फाइबर उच्च रक्तचाप को भी कम करने में फायदेमंद होता है। यह फाइबर कुल कोलेस्ट्रोल को तो कम करता ही है, खासकर बुरे कोलेस्ट्रोल एल डी एल को कम करने में सहायक होता है।

ओट्स में फाइटोकैमिकल्स भी पाए जाते हैं जो हृदय रोगों की संभावना को कम करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रेशे के स्रोत जैसे बींस, फल, दालें, सब्जियों, साबुत अनाज आदि का सेवन अधिक करना चाहिए क्योंकि इनमें विटामिन मिनरल और फाइटोकैमिकल्स पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। (स्वा.द.)

## पसीने से आती है बदबू तो इन 3 चीजों को करें डाइट में शामिल

**1. साइट्रस फल**

साइट्रस फल, जैसे संतरा, नींबू, मौसमी और अंगूर, विटामिन उ और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं, जिससे पसीने में दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया कम होते हैं। नींबू पानी या संतरे का जूस रोजाना पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और पसीने की गंध नियंत्रित होती है।

**2. फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ**

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे ओट्स, साबुत अनाज, हरी सब्जियां, सेब और चना, पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं। खराब पाचन के कारण शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा हो सकते हैं, जो पसीने की बदबू को बढ़ाते हैं। फाइबर इन विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और आंतों को साफ रखता है। सप्ताह में 3-4 बार फाइबर युक्त भोजन को प्राथमिकता दें।

**3. हर्बल टी**

हर्बल टी, जैसे ग्रीन टी, पुदीना टी या कैमोमाइल टी, शरीर को डिटॉक्स करने और बैक्टीरिया को कम करने में मदद करती हैं। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण पसीने की दुर्गंध को नियंत्रित करते हैं।

# सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा: राजनाथ

**देहरादून :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है जबकि उसे उम्मीद है कि उस समय तक इस क्षेत्र में देश का निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 21वीं सदी में सूचना युद्ध के बढ़ते उपयोग पर भी प्रकाश डाला और लोगों से झूठ की पहचान करने, अफवाहों को रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सामाजिक सैनिक बनने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने कहा, डेटा और सूचना सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के



दौरान पाकिस्तान ने फर्जी वीडियो, छेड़छाड़ की गई खबरों और पोस्ट के जरिए हमारे सैनिकों और नागरिकों का मनोबल तोड़ने की साजिश रची। उन्होंने कहा, भले ही सैन्य कार्रवाइयां रोक दी गई हों, लेकिन सूचना युद्ध अब भी जारी है। अगर लोग बिना सोचे-समझे झूठी खबरें साझा करते हैं, तो वे अनजाने में दुश्मन का हथियार बन जाते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर साइबर सुरक्षा पर काम कर रही है, लेकिन प्रत्येक नागरिक को प्रथम प्रतिक्रियादाता बनने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज न सिर्फ अपनी सीमाओं की रक्षा कर रहा है, बल्कि एक ऐसी प्रणाली भी बना रहा है जो हमें रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बना रही है। सिंह ने कहा, ''पहले हम पूरी तरह से विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भर थे, लेकिन आज भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से 'आत्मनिर्भर' बन रहा है।''

आतंकवाद से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा अपनाई गई रणनीति पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र 'आत्मनिर्भर भारत' के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में उभरा है और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इस्तेमाल किए गए हथियार और सैन्य प्रणालियां भारत में बने थे। रक्षा मंत्री ने रेखांकित किया कि सरकार के लगातार प्रयास फलदायी हो रहे हैं क्योंकि 2014 में वार्षिक रक्षा उत्पादन लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जो आज 1.30 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

## ओडिशा : पुरी में भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए लाखों लोग जुटे

**पुरी :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु भीषण गर्मी के बीच बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए। इससे पहले सुबह श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक 'पहंडी' (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एसजेटीए के अधिकारियों ने बताया कि भगवान



विष्णु का 'चक्र अस्त्र' माने जाने वाले श्री सुदर्शन को भी स्नान के लिए तीनों देवताओं के साथ लाया गया। उन्होंने बताया कि 'पहंडी' अनुष्ठान' सुबह नौ बजे तक संपन्न हो गया। श्लोकों के उच्चारण के बीच मंदिर परिसर के अंदर 'सुना कुआं' (स्वर्ण कुआं) से लाए गए पवित्र और सुगंधित जल के 108 घड़े देव-ताओं पर डाले गए। भगवान जगन्नाथ पर 35 घड़ों का जल डाला गया, जबकि भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को क्रमशः 33 और 22 घड़ों के जल से स्नान कराया गया। श्री सुदर्शन पर कुल 18 घड़ों का जल चढ़ाया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी। इस पर्व को देव स्नान पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है, जो ज्येष्ठ महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दक्षिण दिल्ली में पांच महीने में 134 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में करीब पांच महीनों में 14 अलग-अलग अभियानों के तहत 38 महिलाओं और 43 नाबालिगों सहित 134 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान 27 दिसंबर, 2024 से 10 जून के बीच चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे 134 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई और उनका निर्वासन हुआ। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा, ''दक्षिण जिले की कई टीम ने आधार और मतदाता पहचान पत्र की जांच सहित संवेदनशील इलाकों में कठोर सत्यापन किया। ये अभियान बगैर दस्तावेज वाले विदेशी नागरिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले प्रवेश बिंदुओं पर नजर रखने की व्यापक रणनीति का हिस्सा थे।''

### योग दिवस पोर्टल पर पंजीकरण की संख्या 50,000 के पार

**नयी दिल्ली :** देशभर से 50,000 से अधिक संगठनों ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के आयोजन के लिए पंजीकरण कराया है, जिससे सामूहिक भागीदारी के लिए एक नया मानक स्थापित हुआ है। राजस्थान इसमें अग्रणी रहा है, जहां 11,000 से अधिक संगठनों ने योग संगम 2025 के लिए पंजीकरण कराया है, जिसका आयोजन 21 जून को प्रातः 6.30 बजे से 7.45 बजे तक किया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस उल्लेखनीय भागीदारी के बाद तेलंगाना में 7,000 से अधिक पंजीकरण और मध्यप्रदेश में करीब 5,000 पंजीकरण हुए हैं। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' एकता और कल्याण के लिए एक सार्वभौमिक आह्वान को प्रतिध्वनित करती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) और केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ-साथ कई कॉरपोरेट और निजी कंपनियां सक्रिय रूप से पंजीकरण करा रही हैं तथा वैश्विक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रही हैं।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

सुकमा : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्काड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

## भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरा 10 साल में 19 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, ''यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है और आधिकारिक तौर पर यह प्रकाशित किया है कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी, यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम-से-कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के अंतर्गत आते हैं। वैश्विक निकाय ने कहा है कि पिछले एक दशक में यह उल्लेखनीय 45 प्रतिशत की वृद्धि है।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने लामडिंग में जल संरक्षण अभियान का नेतृत्व किया

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने लामडिंग के कम वर्षा वाले भौगोलिक स्थिति की चुनौती को सतत विकास के अवसर में बदल दिया है। सीमित वर्षा के बावजूद, 4,000 से अधिक रेल परिवारों के आवास और ट्रेन में पानी की व्यवस्था, प्लेटफ़ॉर्म की सफ़ाई और डेमू रेक के अनुरक्षण जैसे आवश्यक कार्यों के लिए इस प्रमुख रेल शहर ने अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों के माध्यम से निर्बाध जलापूर्ति को प्राथमिकता दी है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के एक ऐतिहासिक पहल के तहत, लामडिंग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) समीर लोहानी ने 90,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एक अत्याधुनिक सीवेज



ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन किया। यह एसटीपी कॉलोनी से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 2,00,000 लीटर प्रदूषित पानी को प्रशोधन करता है और लगभग 50% को गैर-पीने योग्य, पुनः उपयोग युक्त पानी के रूप में पुनर्चक्रति करता है। डेमू पिट लाइन पर स्थित स्वचालित कोच वाशिंग प्लांट में प्रश-ोधन जल का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है, जिससे बहुमूल्य विशुद्ध जल का संरक्षण हो रहा है। परिणामस्वरूप, संचय किया हुआ विशुद्ध जल अधिकारी और कर्मचारी कॉलोनियों में घरेलू उपयोग के लिए पुनः आवंटित किया जा रहा है, जिससे कुल मिलाकर जल उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक कदम है, बल्कि लामडिंग में निरंतर जल संकट का एक व्यावहारिक समाधान भी है। इस परियोजना को 1.12 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है, जिसे पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन (ईएनएचएम) योजना के अंतर्गत वित्त पोषित किया गया है, जिसमें पहले वर्ष के लिए संचालन लागत भी शामिल है।

## वैष्णव ने बीएसएफ को ट्रेन के पुराने डिब्बे उपलब्ध कराने के मामले में चार अधिकारियों को निलंबित किया

**नयी दिल्ली :** कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं। रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने ऑनलाइन सामने आए ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी। बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी ''खराब और जर्जर'' स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। ट्रेन के डिब्बों की स्थिति को दर्शाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने पर रेलवे को विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसके बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने 'एक्स' पर कहा, ''यह तब होता है जब सरकार का पूरा ध्यान कुछ आकर्षक ट्रेन के प्रचार पर होता है, जबकि आम जनता जानवरों की तरह यात्रा करने को मजबूर होती है।''

## चीन के सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के विस्तार पर ध्यान देने की आवश्यकता: एयर मार्शल दीक्षित

**नयी दिल्ली :** एकीकृत रक्षा स्टाफ के मुखिया एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को कहा कि भारत को अपनी निगरानी क्षमताओं पर विचार करने के साथ तेजी से विकसित हो रहे खतरे के परिदृश्य, विशेष रूप से ''हमारे उत्तर में पड़ोसियों'' द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को समझना होगा। उन्होंने चीन के सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम में विस्तार का भी हवाला दिया। यहां एक सेमिनार में अपने संबोधन में एयर मार्शल दीक्षित ने यह भी कहा कि चीनी उपग्रहों ने हाल ही में पृथ्वी की निचली कक्षाओं में ''परिष्कृत हवाई युद्ध कौशल'' का प्रदर्शन किया है। वह सुब्रतो पार्क में विचार मंच सीएपीएस (सेंटर फॉर एयर पावर



स्टडीज) और इंडियन मिलिट्री रिव्यूज़ (आईएमआर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'निगरानी और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स' विषय पर बोल रहे थे। चीन का सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम ''वर्ष 2010 में मात्र 36 उपग्रहों से बढ़कर वर्ष 2024 तक एक हजार से अधिक का हो गया, जिसमें 360 से अधिक उपग्रह आईएसआर मिशन के लिए समर्पित होंगे।'' आईएसआर का तात्पर्य खुफिया जानकारी, निगरानी और टोह से है। एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, ''जब हम अपनी निगरानी क्षमताओं पर विचार कर रहे हैं, तो हमें तेजी से विकसित हो रहे खतरे के परिदृश्य को समझना होगा, विशेष रूप से हमारे उत्तरी पड़ोसियों द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को।'' हालांकि, उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर जोर दिया और कहा कि इन चुनौतियों को स्वीकार किए जाने के साथ ही ''हमें अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न भी मनाना चाहिए।''

## महिला 'केयरटेकर' ने सेवानिवृत्त प्रोफेसर को वृद्धाश्रम भेजा, फ्लैट सहित छह करोड़ की संपत्ति हड़पी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने 82 वर्षीय एक सेवानिवृत्त आईआईटी प्रोफेसर की सभी संपत्ति को अपने नाम करवाकर उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के आरोप एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि महिला ने प्रोफेसर की देखभाल करने की आड़ में उनके तीन फ्लैट समेत पूरी संपत्ति अपने नाम कर ली। उन्होंने बताया कि इन फ्लैटों सहित अन्य संपत्तियों की कुल कीमत छह करोड़ रुपये है। पवई थाने के एक अधिकारी ने बताया, घटना उस समय सामने आई जब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के सेवानिवृत्त प्रोफेसर का बेटा पिछले महीने अपने पिता से मिलने मुंबई आया लेकिन उसने पाया कि उसके पिता घर पर नहीं हैं। उन्होंने बताया, जब बेटे को पता चला कि उसके पिता को फरवरी 2025 में देखभाल करने वाली महिला ने विक्रोली के वृद्धाश्रम में भेज दिया है, तो वह वहां गया और उनसे मिला। घटनाक्रम जानने के बाद वह अपने पिता को वापस पवई स्थित फ्लैट पर ले गया और पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त प्रोफेसर की शिकायत के आधार पर आठ जून को देखभाल करने वाली महिला निकिता नाइक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया।

## अदालत ने आरसीबी के विपणन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा, 12 जून को सुनाएगी फैसला

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ से जुड़े मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले की अंतरिम जमानत याचिका पर बुधवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने कहा कि 12 जून को अपराह्न 2.30 बजे आदेश सुनाया जाएगा। सोसले को छह जून को केंद्रीय अपराध शाखा ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह दुबई जाने की तैयारी में थे। उन्होंने अपनी याचिका में छह जून की सुबह अपनी गिरफ़्तारी की वैधता पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है। महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने अपनी दलील में दावा किया कि चार जून को सुबह करीब 7.04 बजे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के करीब 28 लाख फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया हैंडल से विधान सौध और स्टेडियम में विजय परेड के बारे में पोस्ट किया गया। शेट्टी ने कहा कि ऐसा बिना अनुमति के किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सोसले का देश से भागने का इरादा था, क्योंकि उन्होंने अगले दिन सुबह जल्दी उड़ान भरने के लिए पांच जून को रात 10.56 बजे दुबई के लिए हवाई टिकट खरीदे थे।

## जासूसी मामले में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार :** हरियाणा के हिसार जिले की एक अदालत ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। ज्योति को जासूसी के संदेह में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। ज्योति के अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार ने ज्योति के अधिवक्ता कुमार मुकेश के माध्यम से दायर आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। पुलिस ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि मामले की जांच चल रही है। मुकेश ने कहा कि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने नौ जून को ज्योति की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी थी और अदालत अब उसके मामले की सुनवाई 23 जून को करेगी। ज्योति (33) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुईं। हिसार पुलिस ने 16 मई को जासूसी के संदेह में जयोति को गिरफ्तार किया था और बाद में अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद, पुलिस के पूछताछ करने के उपरांत अदालत ने हिरासत की अवधि चार दिन और बढ़ा दी। 26 मई को अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित किए

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए। प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित की गई थी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यूपीएससी ने परिणामों की घोषणा कर दी है और सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले सफल उम्मीदवारों के क्रमांक की सूची अपनी वेबसाइट पर साझा की है। आयोग भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा वार्षिक रूप से आयोजित करता है। बयान में कहा गया है कि उम्मीदवारों को यह भी सूचित किया जाता है कि सिविल सेवा परीक्षा, 2025 और भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2025 की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद यानी अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही प्रारंभिक परीक्षा के अंक, 'कट-ऑफ' अंक और उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से आयोजित 'स्क्रीनिंग टेस्ट' के आधार पर भारतीय वन सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2025 के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की सूची की भी घोषणा की है।

## सोनम ने राजा से कहा कि उन्हें शादी को 'परिपूर्ण' करने से पहले कामाख्या मंदिर जाना चाहिए: जांचकर्ता



**शिलांग :** मेघालय में हनीमून के दौरान मारे गए इंदौर निवासी राजा रघुवंशी से उसकी पत्नी सोनम ने कहा था कि वह गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद ही उसके साथ शारीरिक संबंधों के जरिए विवाह को परिपूर्ण करेगी। जांचकर्ताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तद्नुसार, राजा ने हनीमून के लिए गुवाहाटी और निकटवर्ती मेघालय की यात्रा की योजना बनाई, जबकि उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने पूर्वोत्तर राज्य के जंगलों में इसके दूरदराज होने की वजह से कथित तौर पर उसकी (राजा की) हत्या की साजिश रची। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''सोनम ने अपने पति राजा को इस बात के लिए राजी किया कि शारीरिक संबंधों के जरिए शादी को परिपूर्ण करने से पहले उन्हें कामाख्या देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करनी चाहिए।'' सोनम और राजा की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी और वे 20 मई को असम के गुवाहाटी होते हुए मेघालय पहुंचे थे। वे दोनों 23 मई को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा में नोंग्रियात गांव में एक होमस्टे से बाहर जाने के कुछ ही घंटों बाद लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को मेघालय में वेइसाडोंग जलप्रपात के निकट एक घाटी में मिला था। वहीं, सोनम की तलाश जारी रही, जो नौ जून की सुबह लगभग 1,200 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सामने आई और आत्मसमर्पण कर दिया, क्योंकि पुलिस ने उसके प्रेमी राज कुशवाह और राजा की हत्या के लिए उसके द्वारा भाड़े पर लिए गए तीन हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया था। अधिकारी ने कहा, सोनम ने अपने पति को नोंग्रियात के घने जंगलों में चलने के लिए मजबूर किया, क्योंकि उसे विश्वास था कि उसके द्वारा नियुक्त हत्यारों के पास रास्ते में कहीं उसे मारने का बेहतर मौका होगा, क्योंकि वह एकांत जगह है। लेकिन, चूंकि 22 और 23 मई को नोंग्रियात में बहुत से पर्यटक ट्रेकिंग के लिए आए थे, इसलिए वे उसे वहां नहीं मार सके। उन्होंने कहा, ''आखिरकार उन्होंने उसे 'वेइसाडोंग फॉल्स' के पास मार डाला और उसके शव को गहरी खाई में फेंक दिया।'' जांच की निगरानी कर रहे पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दंपति के पूर्वोत्तर पहुंचने के एक दिन बाद हत्यारे 21 मई को गुवाहाटी पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्यारों ने गुवाहाटी में होटल के बाहर से एक धारदार हथियार खरीदा और फिर सड़क मार्ग से शिलांग पहुंचे। अधिकारी ने कहा, ''हमने सीसीटीवी साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं, जिससे यह जांच बहुत पुख्ता हो गई है। उन्होंने कहा कि हत्या के दिन सोनम पूरे दिन अपने प्रेमी राज के संपर्क में थी, जबकि राज ने तीनों हत्यारों के साथ समन्वय स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा, राजा की हत्या के समय सोनम वहां मौजूद थी। उन्होंने बताया कि अपराध के बाद वह भाग गई। उन्होंने कहा, ''उसने मॉकडोक से शिलांग तक टैक्सी ली और फिर पकड़े जाने से बचने के लिए कई रेलगाड़ियों में चढ़ने से पहले गुवाहाटी तक एक पर्यटक टैक्सी किराए पर ली। हालांकि उसका दावा है कि वह सीधे इंदौर पहुंची थी, लेकिन इसकी पुष्टि अभी की जानी है।

### सोनम के भाई ने कहा, 'परिवार ने सोनम से रिश्ते तोड़े, दोषी पाए जाने पर उसे फांसी की सजा मिले'

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने संवाददाताओं से कहा,''बिल्कुल, अगर सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे सीधे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा।''

## भारत-पाक संघर्ष महज पड़ोसियों के बीच टकराव नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई है: जयशंकर

**ब्रसेल्स :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह उस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी, जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा। जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद



जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा, ''मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था?'' वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार-दिवसीय संघर्ष को लेकर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों को) भी परेशान करेगा।'' जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिये नहीं सुलझाया जा सकता।

# रबाडा और यानसेन ने ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटा, दक्षिण अफ्रीका की खराब शुरुआत



**लंदन :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉड्र्स में दक्षिण अफ्रीका और गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर ऑलआउट कर दिया। उनके लिए ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रनों की पारियां खेलीं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रबाडा ने पांच और मार्को यानसेन ने तीन विकेट लिए जबकि केशव महाराज और एडेन मार्करम को एक-एक सफलता मिली।

**दक्षिण अफ्रीका ने पहले दिन 43/4 रन बनाए**

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में चार विकेट खोकर 43 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक सफलता अपने नाम की। पहले दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान टेम्बा बावुमा तीन और डेविड बेडिंघम आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दबाव बनाया। उन्हें पहला झटका स्टार्क ने दिया। उन्होंने एडेन मार्करम को बोल्ड किया, वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद स्टार्क ने रेयान रिकेल्टन को उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ 16 रन बना पाए। वियान मुल्डर और टेम्बा बावुमा क्रीज पर डटे रहे, लेकिन रन गति धीमी रही। मुल्डर को कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई।

## भारतीय जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2 .1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किये। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिये पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिये आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और कोई गोल नहीं गंवाया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी। अब भारतीय टीम 12 जून को तीसरा और आखिरी मैच खेलेगी।

## आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई :** भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं। तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं। हार्दिक पंड्या



252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 3-0 की जीत के दौरान चार विकेट चटकाए। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं। राशिद के टीम के साथी ब्राइडन कार्स दो मैच में दो विकेट की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 52वें स्थान पर पहुंच गए। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 46 गेंद में 84 रन की तूफानी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट 48 स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर हैं। श्रृंखला में नाबाद 35 और 34 रन की पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक छठ स्थान के फायदे से संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो बार 40 रन से अधिक की पारियां खेलने के बाद 14 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर हैं। अंतिम मैच में 45 गेंद में नाबार 79 रन की पारी खेलने वाले रोवमैन पावेल शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।

## मनु भाकर, चैन सिंह फाइनल में पहुंचे, लेकिन पदक से चूके

**म्यूनिख :** पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया। ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन



सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे। मंगलवार को प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार, अर्जेंटीना से 3-4 से हारी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशा-जनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है। भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए। नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर



अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था। हालांकि, पिछड़ने के बाद भारत ने शेष क्वार्टर में अपना दबदबा बनाए रखा तथा 12वें मिनट में बराबरी हासिल की जब कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी को गोल में बदला। पहले क्वार्टर के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना ने बेहतर प्रदर्शन किया। उसने इस क्वार्टर के दूसरे मिनट में ही मार्टिनेज के गोल से बढ़त बना ली। अर्जेंटीना ने इस बार भी रोहिदास की गलती का फायदा उठाया। मध्यांतर के तीन मिनट बाद हरमनप्रीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बराबरी दिला दी, जो उनका दिन का दूसरा गोल था। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी क्योंकि 60 सेकेंड बाद एक और रक्षात्मक चूक हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम को महंगी पड़ गई। तब तराजोना ने गलती का फायदा उठाकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी।

## भूटिया और अन्य ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता :** फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है जबकि कुछ अन्य हितधारकों ने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है। भूटिया ने पीटीआई से कहा, 'यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।'



मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था।

## अगले साल फिर टकराएंगी आईपीएल और पीएसएल की तारीखें

**लाहौर :** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का अगले साल हाई प्रोफाइल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से टकराव होना तय है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस टी20 लीग को आईपीएल के दौरान ही आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले आईसीसी विश्व टी20 कप और कुछ एफटीपी (भविष्य दौरा कार्यक्रम) प्रतिबद्धताओं के कारण पीएसएल को फरवरी-मार्च की अपनी सामान्य विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) में आयोजित करना फिर से संभव नहीं होगा। एक सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान बोर्ड के पास दिसंबर और जनवरी के पहले पखवाड़े में एक विंडो उपलब्ध है लेकिन उसने इस अवधि में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश में खेलने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पहले ही एनओसी दे दी है और कुछ घरेलू गतिविधियों की योजना भी बनाई है।' सूत्र ने कहा, 'इसलिए अब फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ चर्चा इस साल की तरह अप्रैल-मई में पीएसएल के आयोजन की तैयारी करने की है।' पीएसएल सचिवालय के एक अधिकारी ने कहा कि जब इस साल पीएसएल का आयोजन किया गया और फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के कारण आईपीएल के साथ इसका टकराव हुआ तो आम तौर पर हर साल इस टूर्नामेंट को मिलने वाली दर्शकों की संख्या या रुचि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

समाज्ञा व्यापार

## अमेरिका को चीन से मिलेंगे दुर्लभ खनिज, चीनी उत्पादों पर 55 प्रतिशत शुल्कः ट्रंप

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि नए व्यापार समझौते के तहत अमेरिका को चीन से दुर्लभ खनिज चुंबक (मैग्नेट) एवं अन्य दुर्लभ खनिज मिलेंगे जबकि चीनी वस्तुओं पर सीमा शुल्क 55 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। ट्रंप ने कहा कि इसके बदले में अमेरिका भी चीन को वह सब प्रदान करेगा जिस पर सहमति बनी है। इसमें चीनी छात्रों को अमेरिकी कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में जाने की अनुमति देना भी शामिल है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन ने एक दिन पहले ही लंदन में व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई। यह दो-दिवसीय बैठक खनिज और प्रौद्योगिकी निर्यात से जुड़े विवादों के समाधान पर केंद्रित थी। अप्रैल में ट्रंप द्वारा चीनी आयात पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा के बाद चीन ने भी जवाबी शुल्क लगा दिया था। हालांकि, बाद में दोनों देश इस पर



व्यापक बातचीत करने के लिए सहमत हो गए थे। इस बीच, नीदरलैंड स्थित अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूह 'ग्लोबल राइट्स कंप्लायंस' ने एक रिपोर्ट जारी कर चिंता जताई है कि कई वैश्विक ब्रांड अपनी चीनी आपूर्ति शृंखलाओं के माध्यम से जबरन श्रम का उपयोग करने के जोखिम में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एवन, वॉलमार्ट, नेस्कैफे, कोका-कोला और पेंट आपूर्तिकर्ता शेरविन-विलियम्स जैसी कंपनियां चीन के सुदूर-पश्चिमी क्षेत्र झिंजियांग से प्राप्त खनिजों, विशेष रूप से टाइटेनियम से संबंधित हो सकती हैं।

# भारत का निर्यात निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा: गोयल

**बर्न (स्विट्जरलैंड) :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'दुनिया गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण



समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।' गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे।' भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 820 रुपये बढ़कर 98,490 रुपये पर, चांदी स्थिर

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप खुदरा विक्रेताओं एवं स्टाकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 820 रुपये बढ़कर 98,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 750 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, बुधवार को चांदी की कीमत 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर बनी रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 12.09 डॉलर प्रति औंस या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 3,334.69 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आईओबी ने ऋण पर ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती की

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर लगने वाले ब्याज दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंकों ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने बयान में कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गयी है। इस कटौती के साथ यूनियन बैंक ने हाल में आरबीआई के रेपो दर में कटौती के अनुरूप ईबीएलआर और आरएलएलआर से जुड़े कर्ज के लिए ब्याज दर में कमी कर दी है। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने कहा कि बैंक की संपत्ति देनदारी प्रबंधन समिति (एएलसीओ) की मंगलवार को हुई बैठक में रेपो आधारित कर्ज पर देय ब्याज में 0.5 प्रतिशत की कटौती का निर्णय किया गया है। इस कटौती के बाद आरएलएलआर कम होकर 8.35 प्रतिशत हो गयी है जो पहले 8.85 प्रतिशत थी। नयी दर बुधवार से लागू होगी। केनरा बैंक ने भी रेपो आधारित ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। बैंक के बयान के अनुसार, इस कटौती से रेपो आधारित ब्याज दर 8.75 प्रतिशत से घटकर 8.25 प्रतिशत पर आ गयी है। नयी दर बुधवार से लागू होगी। बैंकों के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा एमएसएमई कर्जदारों को लाभ होगा।

### भारत से चाय निर्यात कैलेंडर साल 2024 में 9.92 प्रतिशत बढ़कर 25.46 करोड़ किलोग्राम

**कोलकाता :** बीते कैलेंडर साल यानी जनवरी से दिसंबर, 2024 तक भारत से चाय निर्यात 9.92 प्रतिशत बढ़कर 25 करोड़ 46.7 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि इससे पिछले कैलेंडर वर्ष में यह 23 करोड़ 16.9 लाख किलोग्राम था। चाय बोर्ड द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान उत्तर भारतीय बागानों में उत्पादन 15 करोड़ 48.1 लाख किलोग्राम रहा, जबकि जनवरी से दिसंबर, 2023 तक की पिछली अवधि में यह 14.1 करोड़ किलोग्राम था, जो सालाना आधार पर 9.79 प्रतिशत की वृद्धि है। दक्षिण भारत में जनवरी से दिसंबर, 2024 तक उत्पादन मात्रा नौ करोड़ 98.6 लाख किलोग्राम रही, जबकि पिछले कैलेंडर वर्ष 2023 में यह नौ करोड़ 6.9 लाख किलोग्राम थी, जो साल-दर-साल 10.11 प्रतिशत की वृद्धि है। चाय बोर्ड ने जनवरी से मार्च, 2025 के बीच की अवधि के लिए अस्थायी आंकड़े भी जारी किये, जहां तीन महीनों के दौरान अखिल भारतीय उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के छह करोड़ 75.3 लाख किलोग्राम की तुलना में मामूली रूप से बढ़कर छह करोड़ 92.2 लाख किलोग्राम रहा। जनवरी से मार्च, 2025 तक तीन महीनों के दौरान उत्तर भारत में उत्पादन साल-दर-साल तीन करोड़ 96.5 लाख किलोग्राम से 14.38 प्रतिशत अधिक चार करोड़ 53.5 लाख किलोग्राम का हुआ। दक्षिण भारत के लिए, जनवरी से मार्च, 2025 तक उत्पादन मात्रा 14.38 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 38.7 लाख किलोग्राम रह गई, जबकि पूर्ववर्ती अवधि में यह दो करोड़ 78.8 लाख किलोग्राम थी।

## मारुति के नए 'डिजायर' मॉडल को फाइव स्टार रेटिंग मिलने पर गडकरी ने बधाई दी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मारुति सुजुकी इंडिया के लोकप्रिय मॉडल 'डिजायर' के नए अवतार को फाइव स्टार भारत एन-सीएपी रेटिंग हासिल करने पर बधाई दी है। गडकरी के मार्गदर्शन में ही 2023 में वाहनों की सुरक्षा रेटिंग निर्धारित करने की स्वदेशी प्रणाली 'भारत एनसीएपी' की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य 3.5 टन तक के मोटर वाहनों के सड़क सुरक्षा मानकों में सुधार करना है। गडकरी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'नई डिजायर को फाइव स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग मिलने के लिए मारुति सुजुकी इंडिया को बधाई। यह मेड-इन-इंडिया कारों के लिए एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है।'

## सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य बनाया

**मुंबई :** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए एक नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी। हाल के वर्षों में कई गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने धोखाधड़ी के जरिये निवेशकों को गुमराह किया है। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए सेबी ने यह कदम उठाया है।

## वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख, विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा




**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक चढ़ गया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से वैश्विक बाजारों में बढ़त के बीच घरेलू बाजार में मजबूती रही। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 123.42 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 391.79 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी में छठे दिन भी तेजी रही और यह 37.15 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,141.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 25,084.30 तक आया और ऊंचे में 25,222.40 अंक तक गया। छह कारोबारी सत्रों में निफ्टी 598 अंक यानी 2.42 प्रतिशत मजबूत हुआ है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि स्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी कारोबार के पहले चरण में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा और 25,200 अंक के स्तर तक गया, लेकिन उस स्तर पर टिके रहने में विफल रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## एसबीआई ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 13,455 लोगों की नियुक्ति की

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है। इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई।

## अदाणी ने चिनाब पर बने सबसे ऊंचे रेल पुल के लिए 65,000 टन सीमेंट की आपूर्ति की

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह ने मंगलवार को कहा कि उसकी सीमेंट कंपनियों ने जम्मू-कश्मीर के चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे मेहराब रेल पुल के निर्माण में सीमेंट की प्रमुख आपूर्तिकर्ता रही है। अदाणी की सीमेंट कंपनियों ने कुल 65,000 टन सीमेंट की आपूर्ति की है। पुल के लिए आपूर्ति किया गयो सीमेंट 'आर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट' (ओपीसी) 43 ग्रेड का था। यह अपनी उच्च शक्ति, स्थायित्व और बेहतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। इस कारण इसे बड़े पैमाने के बुनियादी ढांचे के लिए आदर्श माना जाता है। समूह ने कहा कि अदाणी सीमेंट ने चिनाब पुल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अदाणी सीमेंट में अम्बुजा सीमेंट्स और एसीसी शामिल हैं। अदाणी समूह के सीमेंट कारोबार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद बहेटी ने कहा, 'हमारे लिए एक ऐसी परियोजना का हिस्सा बनना बहुत गर्व की बात है जो न केवल इंजीनियरिंग सीमाओं को फिर से परिभाषित करती है बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण में भी योगदान देती है।'

वर्ष 10, पूर्णांक 3264 अंक 074, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in